ग्राहकों से आत्मीयता के लिए विख्यात, सेवा में उत्कृष्टता के लिए कटिबद्ध

वार्षिक रिपोर्ट 2013-14
ANNUAL REPORT 2013-14

Known for closeness to customers, reaching out to serve better

कार्पोरेशन बैंक Corporation Bank

A Premier Public Sector Bank

PDF processed with CutePDF evaluation edition www.CutePDF.com

Khan Bahadur Haji Abdullah
Haji Kasim Saheb Bahadur
Founder President

हमारा सपना Our Vision

विश्व मानकों से युक्त सबसे पसंदीदा बैंक

Most preferred Bank with Global Standards

हमारा मिशन Our Mission

विश्व श्रेणी की वित्तीय सेवाओं का प्रदाता बनना	**To become a provider of world-class financial services**
विशेषत: नवोन्मेषी तथा तकनीकी पहल द्वारा ग्राहक अपेक्षाओं को पूरा करना	**To meet customer expectations, especially through innovation and technological initiatives**
समावेशी बैंकिंग में अपना नेतृत्व बनाए रखना	**To maintain leadership in inclusive banking**
हितधारकों के मूल्य में वृद्धि करना	**To enhance stakeholders' value**
राष्ट्रीय तथा सामाजिक दायित्वों को पूरा करना	**To fulfill national and social obligations**
ऐसे माहौल का निर्माण करना जो कर्मचारियों को बौद्धिक संतुष्टि व पेशागत उपलब्धियाँ दे	**To create an environment, intellectually satisfying and professionally rewarding to the employees**
नैतिक मूल्यों तथा अच्छे कार्पोरेट अभिशासन के लिए आदर्श मॉडल के रूप में उभरना	**To emerge as a role model for ethical values and good Corporate Governance**

निदेशक मंडल
BOARD OF DIRECTORS

श्री एस आर बंसल
Shri S R Bansal

श्री अमर लाल दौलतानी
Shri Amar Lal Daultani



श्री बी के श्रीवास्तव
Shri B K Srivastav

सुश्री एना रॉय
Ms. Anna Roy

श्री मनीष गुप्ता
Shri Manish Gupta
(Vice Mrs. Anna Roy effective 16.04.2014)

श्री यू एस पालीवाल
Shri U S Paliwal

श्री सुशोभन सरकेर
Shri Sushobhan Sarker

श्री कवलजीत सिंह ओबेरॉय
Shri Kawaljit Singh Oberoi

श्री एस शब्बीर पाशा
Shri S Shabbeer Pasha

श्री विन्सेंट डि'सूज़ा
Shri Vincent D'Souza

श्री एकनाथ बालिगा
Shri Ekanath Baliga

श्री बोनम वेंकट भास्कर
Shri Bonam Venkata Bhaskar

श्री आदीश कुमार जैन
Shri Adish Kuamr Jain

महा प्रबंधकगण
GENERAL MANAGERS

श्री सी. जी. पिन्टो
Shri C G Pinto

श्री बी. नारायण शेणै
Shri B Narayan Shenoy

श्री. के. गिरिधर शेणै
Shri K Giridhar Shenoy

श्री पी. आर. कारंत
Shri P R Karanth

श्री के. वी. राघव कामत
Shri K V Raghava Kamath

सुश्री स्वाति एस. एम.
Ms Swathi S M

श्री वसंत किणि यू.
Shri Vasant Kini U

श्री तेजप्पा बी.बी.
Shri Tejappa B B

श्री के. एस. सोमयाजी
Shri K S Somayaji (CVO)



श्री के. जी. सुब्रमणियन
Shri K G Subramanian

श्री एन. बी. कुलशेखरन
Shri N B Kulasekaran

श्री तंगराजु वी
Shri Thangaraju V

श्री पी. परमशिवम
Shri P Paramasivam



श्री पूर्णचंद्र राव देंदुकुरी
Shri Purnachandra Rao Dendukuri

श्री अजित प्रकाश मल्होला
Shri Ajit Parkash Malhotra

श्री वी. एस. कार्तिकेयन
Shri V S Karthikeyan

श्री लक्ष्मीनाथ रेड्डी
Shri Lakshminatha Reddy

श्री सी. के. गोपाल
Shri C K Gopal

श्री आर. नटराजन
Shri R Natarajan

श्री जी. गुरुहरिनाथ राव
Shri G Guruharinadha Rao

विभिन्न क्षेत्रों को किए गए वित्त पोषण की झलक
GLIMPSES OF FINANCE MADE TO VARIOUS SECTORS

बैंगलूर ग्रामीण ज़िले में हमारी डोड्डबल्लापुर शाख़ा द्वारा वित्तपोषित पॉली हाउस वातावरण में बागवानी (जरबेरा) उद्यान

A Floriculture (Gerbera) Farm set up under Poly House conditions financed by our Doddaballapur branch in Bangalore Rural District

बैंक द्वारा वित्तपोषित महिला स्व-सहायता समूह के सदस्य अपने खातों से पैसा निकालने हेतु उपयोग करने के लिए उन्हें जारी स्मार्ट कार्ड प्रदर्शित करते हुए

A Self Help group of women financed by the Bank holding the Smart Cards issued to them for use while with drawing amounts from their accounts

कृषक परिवार बेंगलूर के बाज़ार में बिक्री हेतु जरबेरा फूलों को प्रसंस्कृत करते हुए

Gerbera flowers being processed for sale in Bangalore Market by the farming families

चिकमगलूर में बैंक द्वारा स्थापित कार्पोरेशन बैंक स्वरोज़गार प्रशिक्षण संस्थान में सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम

A Tailoring training programme in progress at the Corporation Bank Self Employment Training Institute (COBSETI) set up by the Bank in Chikmagalur.

कोलार ज़िले में हमारे बैंक द्वारा वित्तपोषित अंगूर उद्यान में एक प्रगतिशील कृषक

A progressive farmer in his Grape Garden financed by our Bank in Kolar district

वित्तीय समावेशन बैंक द्वारा नियुक्त बिज़नेस करेस्पॉडेंट माइक्रो-एटीएम से ग्रामीण जनता को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करते हुए

Financial Inclusion-A Business Corresoondent appointed by the Bank with a Micro-ATM extending Banking services to people in a village

मैसूर ज़िले में बैंक द्वारा वित्तपोषित कोको बागानों में कृषक कोको की फसल तोड़ रहे हैं

Coco harvesting by the farmer in a Coco plantation financed by the Bank in Mysore District

हमारे बैंक द्वारा वित्तपोषित गेहूँ कृषक हितधिकारी पंजाब में यांत्रिक गेहूँ हार्वेस्टर एवं थ्रेशर का उपयोग करते हुए

Wheat farmer beneficiaries of finance extended by our Bank using mechanized Wheat harvester cum thresher in Punjab

पुरस्कार एवं सम्मान
AWARDS & ACCOLADES

श्री एस.आर. बंसल, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, कार्पोरेशन बैंक, भारत के माननीय प्रधान मंत्री डॉ मनमोहन सिंह से 2012-13 के लिए एमएसएमई उधार में उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर रहे हैं।

Shri S R Bansal, Chairman & Managing Director of Corporation Bank receiving the prestigious National Awards for Excellence in MSME lending for 2012 - 13 from Dr. Manmohan Singh, the Hon'ble Prime Minister of India

श्री एस.आर. बंसल, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, कार्पोरेशन बैंक मुंबई में आयोजित पुरस्कार समारोह में नैशनल इनोवेशन फाउंडेशन के अध्यक्ष पद्मभूषण डॉ. रघुनाथ ए माशेलकर से "बैंकिंग में मोबिलिटी टेक्नॉलॉजी के उत्तम उपयोग" हेतु आईबीए बैंकिंग टेक्नॉलॉजी पुरस्कार प्राप्त कर रहे हैं।

Shri S R Bansal, Chairman & Managing Director of the Bank receiving the IBA Banking Technology Award 2012-13 for "Best Use of Mobility Technology in Banking" from Padma Bhushan Dr. Raghunath A Mashelkar, Chairman, National Innovation Foundation at the award function held at Mumbai.

श्री एस.आर. बंसल, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, कार्पोरेशन बैंक योजना आयोग के उपाध्यक्ष श्री मोंटेक सिंह अहलूवालिया से वर्ष 2014 के दौरान एसएमई को समर्थन देने में उत्कृष्ट निष्पादन के लिए स्कॉच कंसलटेन्सी सर्विसेस प्रा. लि. द्वारा संस्थापित स्कॉच एचीवर अवार्ड प्राप्त कर रहे हैं।

Shri S R Bansal, Chairman & Managing Director of the Bank receiving Skoch Achiever Award for Outstanding Performance in SME Enablement during 2014 instituted by SKOCH Consultancy Services Pvt. Ltd. from Shri Montek Singh Ahluwalia, Deputy Chairman, Planning Commission

वार्षिक रिपोर्ट ANNUAL REPORT 2013-2014

विषय-सूची CONTENTS

	विवरण Particulars	पृष्ठ सं Page No.
1.	बैंक के गत दस वर्ष के निष्पादन की विशिष्टताएं Performance Highlights for the Last 10 Years	02
2.	अध्यक्ष का अभिभाषण Chairman's Statement	03
3.	सूचना Notice	11
4.	निदेशकों की रिपोर्ट Directors' Report	21
5.	प्रबंधन-वर्ग का विवेचन एवं विश्लेषण Management Discussion & Analysis	32
6.	कार्पोरेट अभिशासन पर रिपोर्ट Report on Corporate Governance	65
7.	तुलन-पत्र एवं लाभ-हानि लेखा Balance Sheet and Profit & Loss Account	119
8.	समेकित तुलन-पत्र एवं लाभ-हानि लेखा Consolidated Balance Sheet and Profit & Loss Account	181
9.	कार्पबैंक सिक्युरिटीज़ लि. (अनुषंगी कंपनी) के लेखे Accounts of CorpBank Securities Ltd. (Subsidiary Company)	215
10.	नामांकन फार्म Nomination Form	241
11.	एनईसीएस अधिदेश NECS Mandate	243
12.	प्रॉक्सी फार्म Proxy Form	245

मुख्य वित्तीय अधिकारी
सी. जी. पिन्टो

Chief Financial Officer
C.G. Pinto

कंपनी सचिव
एस. के. दाश

Company Secretary
S. K. Dash

सांविधिक केंद्रीय लेखा परीक्षक

मेसर्स सुरेश चंद्र एण्ड एसोसिएट्स	M/s. Suresh Chandra & Associates
मेसर्स बी. के. रामध्यानी एण्ड कं.	M/s. B.K. Ramadhyani & Co.
मेसर्स नृपेन्द्र एण्ड कं.	M/s. Nripendra & Co.
मेसर्स जीएमजे एण्ड कं.	M/s. GMJ & Co.
मेसर्स मनोहर चौधरी एण्ड एसोसिएट्स	M/s. Manohar Chowdhry & Associates

Statutory Central Auditors

रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट
कार्वी कंप्यूटरशेयर प्रा. लि.
प्लॉट सं. 17-24
विठ्ठल राव नगर
माधापुर
हैदराबाद - 500 081
दूरभाष: 040-44655115
040-44655117
फैक्स: 040-44655021
टोल फ्री सं. 1-800-3454-001
ई-मेल: einward.ris@karvy.com

Registrar & Share Transfer Agent
Karvy Computershare Pvt. Ltd.
Plot No. 17-24
Vittal Rao Nagar
Madhapur
Hyderabad – 500 081
Tel: 040-44655115
040-44655117
Fax: 040-44655021
Toll Free No. 1-800-3454-001
E-mail: einward.ris@karvy.com

बैंक द्वारा जारी बाँड के लिए ट्रस्टी Trustees for Bond issued by Bank:

आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेस लिमिटेड
एशियन बिल्डिंग, निचला तल
17, आर. कमानी मार्ग, बेलार्ड एस्टेट
मुबई - 400 001
दूरभाष : 022-40807000
फैक्स : 022-66311776/40807080
ईमेल : itsl@idbitrustee.co.in;
ajit.guruji@idbitrustee.com
वेबसाइट : http://www.idbitrustee.co.in

IDBI Trusteeship Services Limited
Asian Building, Ground Floor
17, R.Kamani Marg, Ballard Estate
MUMBAI – 400 001
Ph : 022 – 40807000
Fax : 022-66311776/40807080
Email : itsl@idbitrustee.co.in;
ajit.guruji@idbitrustee.com
Website : http://www.idbitrustee.co.in

एक्सिस ट्रस्टी सर्विसेस लि.
एक्सिस हाउस, दूसरा तल
बांबे डाइंग मिल्स कांपाउंड
पाण्डुरंग बुधकर मार्ग
वर्ली, मुंबई - 400 025
दूरभाष : 022-24252525/43252525
ईमेल : jaideep.maheshwari@axistrustee.com
वेबसाइट : www.axistrustee.com

Axis Trustee Services Ltd.
Axis House, 2nd Floor
Bombay Dyeing Mills Compound
Pandurang Budhkar Marg
Worli, Mumbai – 400 025
Ph : 022-24252525/43252525
Email : jaideep.maheshwari@axistrustee.com
Website : www.axistrustee.com

वर्ष 2004-05 से 2013-14 तक बैंक का निष्पादन
Bank's Performance from 2004-05 to 2013-14

(राशि ₹ करोड़ में Amount ₹ in crore)

	2004-05	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14
पूँजी Capital	143.44	143.44	143.44	143.44	143.44	143.44	148.13	148.13	152.91	167.54
आरक्षित निधियाँ एवं अधिशेष Reserves & Surplus	2911.48	3231.45	3622.01	4085.07	4753.07	5631.43	6989.68	8127.80	9412.78	9917.56
कारोबार मानदंड Business Parameters										
जमाराशियाँ Deposits	27233.16	32876.53	42356.89	55424.42	73983.91	92733.67	116747.50	136142.20	166005.45	193393.01
अग्रिम Advances	18546.38	23962.43	29949.65	39185.57	48512.16	63202.56	86850.40	100469.02	118716.65	137086.30
निवेश Investments	10261.11	10651.99	14417.49	16512.38	24937.77	34522.63	43452.74	47474.63	58164.49	66191.21
कुल आय Total Income	2814.37	3100.93	3996.00	5216.33	7174.57	8481.03	10459.62	14510.40	16942.02	19606.29
व्यय किया गया ब्याज Interest Expended	1120.42	1399.66	2052.37	3073.24	4376.37	5084.35	6195.51	9870.89	11908.23	14174.88
परिचालन व्यय Operating Expenses	636.97	746.75	803.59	891.95	1001.58	1259.95	1641.71	1783.55	1996.78	2392.01
परिचालन लाभ Operating Profit	1056.98	953.62	1140.04	1251.14	1796.61	2136.73	2622.40	2855.97	3037.01	3039.40
निवल लाभ Net Profit	402.16	444.46	536.14	734.99	892.77	1170.25	1413.27	1506.04	1434.67	561.72
मुख्य अनुपात Key Ratios										
पूँजी पर्याप्तता अनुपात (%) Capital Adequacy Ratio (%)	16.23	13.92	12.76	12.09	13.66	15.00	#12.90 ##14.11	#11.94 ##13.00	#11.38 ##12.33	##12.21 ###11.64
औसत आस्तियों पर प्रतिलाभ (%) Return on Average Assets (%)	1.40	1.29	1.26	1.38	1.28	1.28	1.21	1.06	0.88	0.29
ईक्विटी पर प्रतिलाभ (%) Return on Equity (%)	13.16	13.17	14.24	17.38	18.23	20.26	20.70	18.20	16.27	5.72
प्रति शेयर अर्जन (₹) Earnings per Share (₹)	28.04	30.99	37.38	51.24	62.24	81.58	98.50	101.67	96.74	35.75
प्रति शेयर बही मूल्य (₹) Book Value per Share (₹)	212.98	235.28	262.51	294.79	341.36	402.60	497.62	558.69	645.76	601.95
औसत कार्यशील निधियों में एनआईएम NIM to Average Working Funds	3.94	3.56	3.24	2.71	2.26	2.41	2.85	2.48	2.29	2.10
कुल आय में ब्याजेतर आय (%) Non-interest income to total income (%)	20.06	17.87	15.90	13.42	17.06	16.95	12.09	10.29	9.49	8.40
सकल अग्रिमों में सकल एनपीए (%) Gross NPA to Gross Advances (%)	3.41	2.56	2.05	1.47	1.14	1.02	0.91	1.26	1.72	3.42
निवल अग्रिमों में निवल एनपीए (%) Net NPA to Net Advances (%)	1.12	0.64	0.47	0.32	0.29	0.31	0.46	0.87	1.19	2.32
लाभांश Dividend (₹)	6.50	7.00	9.00	10.50	12.50	16.50	20.00	20.50	19.00	4.50 * 2.25**

\# बेसल I के अनुसार As per Basel I.
\## बेसल II के अनुसार As per Basel II.
\### बेसल III के अनुसार As per Basel III.

* 31.01.2014 को प्रदत्त अंतरिम लाभांश / Interim Dividend paid on 31.01.2014.
** संस्तुत अंतिम लाभांश / Final Dividend recommended.

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की ओर से

प्रिय शेयरधारको,

1. आपके बैंक की वर्ष 2013-14 की वार्षिक रिपोर्ट आपके समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ। सर्वप्रथम मैं यह बताना चाहूँगा कि वर्ष 2013-14 में अन्य बातों के साथ-साथ, मंद आर्थिक स्थिति के चलते वृद्धि और लाभप्रदता को बनाए रखना बैंक के लिए सबसे चुनौतीपूर्ण था। मुझे पूरा विश्वास है कि आप इस बात से सहमत होंगे कि आपके बैंक ने कारोबार, राजस्व और ग्राहक आधार के विस्तार में स्वस्थ वृद्धि प्राप्त करने में संतोषजनक निष्पादन किया है। जिस दिन से मैंने कार्यग्रहण किया, उस दिन से ही मैं बैंक की समग्र कारोबार वृद्धि के लिए निम्नलिखित पाँच महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान केन्द्रित करने की आवश्यकता पर ज़ोर देता रहा हूँ।

   i. प्रत्येक खाते की निगरानी और गैर-निष्पादक एनपीए की वसूली
   ii. बैंक के कासा हिस्से को बढ़ाने के लिए कासा जमाराशियों को संग्रहीत करना
   iii. कृषि, खुदरा और एमएसएमई पर ध्यान केन्द्रित करते हुए गुणवत्तापूर्ण ऋण संवृद्धि करना
   iv. शाखा एवं एटीएम नेटवर्क तथा अन्य वैकल्पिक डेलिवरी चैनलों में विस्तार
   v. नए ग्राहकों को लाना, खास तौर पर अगली पीढ़ी को बैंक का ग्राहक बनाना

   अब मैं, देश के आर्थिक एवं बैंकिंग परिदृश्य तथा आपके बैंक के निष्पादन की प्रमुख विशेषताओं को संक्षेप में आपके सम्मुख रखना चाहता हूँ।

2. आर्थिक परिदृश्य

2.1 विश्व भर की अर्थव्यवस्थाओं के लिए वित्त वर्ष 2013-14 काफी

FROM THE CHAIRMAN AND MANAGING DIRECTOR

Dear Shareholders,

1. I am placing before you the Annual Report of your Bank for the financial year 2013-14. At the outset I would like to state that the year 2013-14 was a most challenging year for the bank to sustain growth and profitability inter-alia in the backdrop of subdued economic situation. I am sure, you will appreciate that your Bank has done fairly well in achieving healthy growth in business, revenues and customer base. From the day I assumed office, I have been emphasizing on the need to focus on the following five important aspects for the overall business growth of the Bank :

   i. Monitoring of each account and recovery of NPAs.
   ii. Mobilising CASA deposits to increase CASA share of the Bank
   iii. Quality credit growth with focus on Agriculture, Retail and MSME
   iv. Expansion of branches and ATMs and other alternative delivery channels and
   v. Customer acquisition with focus on nextgen customers.

   Let me, now, share with you in brief, the Indian Economic and Banking scenario and salient features of your Bank's performance.

2. Economic Scenario

2.1 For economies across the globe, financial year 2013-14 has been a very challenging one. As per the latest World

चुनौतीपूर्ण रहा है। आईएमएफ के नवीनतम विश्व आर्थिक दृष्टिकोण के अनुसार वर्ष 2013 के पूर्वार्ध के मुकाबले वर्ष के उत्तरार्ध में विश्व आर्थिक गतिविधि तेज़ हुई और 2014-15 में, मुख्य तौर पर उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में पुनरुत्थान के कारण इसमें और सुधार होने की उम्मीद है। वर्ष 2014 में वैश्विक वृद्धि 3.6% रहने का अनुमान है तथा वर्ष 2015 में इसके 3.9% तक बढ़ने की उम्मीद है। लेकिन, अमेरीका में मात्रात्मक शिथिलता को वर्तमान में क्रमिक रूप से कम करना, सतत अवस्फीतिकारी चिंताएं और यूरो क्षेत्र में कमज़ोर तुलन-पत्र तथा उभरते बाज़ार और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में स्फीतिकारी दबाव प्रगति-पथ को बाधित कर सकते हैं।

2.2 घरेलू क्षेत्र में, वैश्विक घटनाक्रम और घरेलू बाधाओं को प्रतिबिंबित करते हुए पिछले तीन वित्तीय वर्षों में भारत की वृद्धि में नरमी देखी गई जबकि मुद्रास्फीति उच्च स्तर पर जमी हुई है। केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन (सीएसओ) के अग्रिम अनुमान के अनुसार भारत का सकल घरेलू अनुपात (जीडीपी) वर्ष 2012-13 के 4.5% की तुलना में वर्ष 2013-14 के लिए 4.9% के थोड़े उच्च स्तर पर रहने का अनुमान है। इसका मुख्य कारण कृषि एवं सहबद्ध क्षेत्रों में बेहतर निष्पादन है।

2.3 खास तौर पर विनिर्माण क्षेत्र में फीके प्रदर्शन के कारण औद्योगिक क्रियाकलाप चिंता का विषय बना हुआ है। पिछले वर्ष की 1.1% की वृद्धि की तुलना में अप्रैल-मार्च 2013-14 के दौरान औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 0.1% की नकारात्मक वृद्धि देखी गई। दो वर्षों से वृद्धि में यह मंदी निवेश और उपभोग माँग में शिथिलता दर्शाती है। इसके कारण चालू वर्ष के दौरान पूँजीगत माल और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं का उत्पादन कम हो गया है। सेवा क्षेत्र का निष्पादन, जिसका हमारी जीडीपी में सबसे अधिक योगदान रहता है, कमज़ोर बना रहा और इससे वित्त वर्ष 14 में समग्र आर्थिक वृद्धि प्रभावित होने की आशंका है।

2.4 सकारात्मक पक्ष देखें तो वित्त वर्ष के अंत में सुधरती बाह्य स्थितियों और मुद्रास्फीति के आंकड़ों में नरमी से बाज़ार के रुख में तेज़ी आई। वर्ष 2012-13 में 4.8% के रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर पहुँचने के बाद चालू खाता घाटा तेज़ी से घटता जा रहा है और वर्ष 2013-14 में जीडीपी के 2% के करीब रहने की उम्मीद है। कम सीएडी और विदेशी विनिमय आरक्षित निधियों के संग्रह से मुद्रा पर अधोमुखी दबाव और भारतीय रुपये में अस्थिरता कम होने लगी।

2.5 थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) में और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में मुख्य रूप से खाद्य मूल्यों में भारी नरमी के कारण 2013-14 की चौथी तिमाही के दौरान मुद्रास्फीति में कमी हुई। लेकिन खाद्य और ईंधन समूह को छोड़कर मूल मुद्रास्फीति के आंकड़े अब भी उच्च स्तरों पर हैं।

Economic Outlook of IMF, compared to the first half of 2013, the Global economic activity strengthened during the second half and is expected to improve further in 2014-15, largely on account of recovery in the advanced economies. Global growth is now projected to be at around 3.6% in 2014, and expected to rise to 3.9% in 2015. However, downside risks to growth trajectory arise from ongoing tapering of quantitative easing in the US, continuing deflation concerns and weak balance sheets in the Euro area as well as inflationary pressures in the emerging market and developing economies.

2.2 On the domestic front, India's growth has seen moderation in the last three financial years, reflecting global developments and domestic constraints, while inflation remains stubbornly high. As per the advance estimate of Central Statistical Organization (CSO) India's Gross Domestic Product (GDP) for 2013-14 is estimated slightly higher at 4.9% as compared to 4.5% in 2012-13, mainly on account of improved performance in agriculture and allied sectors.

2.3 Industrial activity remained a cause of concern, mainly on account of lackluster performance of the manufacturing sector. The Index of Industrial Production (IIP) showed negative growth of 0.1% during April-March 2013-14, compared with 1.1% growth in the previous year. This stagnation in growth over two years reflects subdued investment and consumption demand. This has resulted in contraction in production of capital goods and consumer durables in the current year. The performance of services sector, which is the biggest contributor to our GDP, continued to be weak and is expected to impact the overall economic growth in FY14.

2.4 On the positive side, improving external conditions and a moderation in inflation numbers towards the end of the financial year improved market sentiments. The current account deficit, after reaching a record high of 4.8% in 2012-13, is narrowing fast, and is expected to be close to 2% of GDP in 2013-14. With a lower CAD and build-up of foreign exchange reserves, the downward pressure on the currency and the volatility in the Indian Rupee began to subside.

2.5 As far as inflation is concerned, both Wholesale Price Index (WPI) and Consumer Price Index (CPI) moderated during the 4th quarter of 2013-14 mainly on account of the substantial easing in food prices. However, excluding food and fuel group, the core inflation numbers are still at higher levels.

2.6 मुद्रास्फीति का दबाव कम होने, चालू खाता घाटे में तीव्र कमी, बड़े पूँजीगत अंतर्वाह और रुपया मज़बूत होने के कारण घरेलू परिदृश्य बेहतर हुआ, जिससे सुधारों में तेज़ी आ सकती है। लेकिन, मुख्य संकेतक उद्योग और सेवा क्षेत्र में अब भी कोई सतत सुधार के कोई संकेत नहीं देते हैं और कृषि क्षेत्र में संभावना समय पर मानसून के आने पर टिकी हुई है। वर्तमान परिदृश्य के आधार पर वित्त वर्ष 15 में आर्थिक वृद्धि वित्त वर्ष 14 की तुलना में थोड़ी सी बेहतर होने की उम्मीद है।

2.7 बैंकिंग क्षेत्र में, समष्टि आर्थिक परिदृश्य में लगातार दबाव से अनेक चुनौतियाँ पैदा हुईं, अर्थात् कम ऋण संवृद्धि, उच्च ब्याज दरें, निवेश की माँग में गिरावट, अर्जन में मंद वृद्धि तथा बढ़ते अशोध्य एवं पुनर्संरचित ऋण। बैंकिंग प्रणाली की ऋण संवृद्धि उसकी जमा संवृद्धि से कम रही। इसका मुख्य कारण वित्त वर्ष 14 के दौरान मंद आर्थिक संवृद्धि और उच्च ब्याज दरें हैं। बैंकिंग उद्योग में आस्ति गुणवत्ता को लेकर भी चिंताएं रहीं। उच्च एनपीए और ऋणों की पुनर्संरचना के कारण अधिक प्रावधान ने बैंकिंग क्षेत्र में काफी दबाव डाला। प्रावधान अपेक्षाओं में वृद्धि बैंकिंग क्षेत्र में लाभप्रदता को सीधे प्रभावित करती है। लेकिन, देश की आर्थिक वृद्धि में मामूली सुधार और वित्त वर्ष 15 के दौरान भा.रि.बैं. द्वारा नीतिगत दरों में अधोमुखी संशोधन से आनेवाले दिनों में बैंकिंग उद्योग के निष्पादन में सुधार हो सकता है।

2.8 चूनौतीपूर्ण वातावरण के बावजूद, बैंक ने कारोबार मानदंडों के अंतर्गत बेहतर निष्पादन दर्शाना जारी रखा। बैंक 16% की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹3.30 लाख करोड़ के कारोबार स्तर तक पहुँच गया। बैंक की जमाराशियाँ ₹1.93 लाख करोड़ के स्तर को पार कर गईं जबकि समग्र ऋण ₹1.37 लाख करोड़ तक बढ़ गया। बैंक ने कृषि, एमएसएमई और खुदरा ऋण में स्वस्थ वृद्धि दर्ज की है। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण में बैंक एएनबीसी के 40% के विनियामक लक्ष्य को भी प्राप्त कर सका है। इसके अलावा, बैंक ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं देने और वृद्धि की गति को तेज़ करने के लिए विभिन्न अभिनव उत्पाद/सेवाएं भी लेकर आया। बैंक ने शाखा नेटवर्क में 2000 और एटीएम नेटवर्क में 2000 के कीर्तिमान को भी पार किया है।

3. निष्पादन विशिष्टताएं

2013-14 के दौरान आपके बैंक के निष्पादन की मुख्य विशिष्टताएं निम्नवत् हैं:

2.6 The domestic outlook has improved on account of easing inflationary pressures, sharp reduction in current account deficit, large capital inflows and strengthening of the Rupee, which could lead to faster reforms. However, lead indicators do not point to any sustained revival in industry and services as yet, and the outlook for the agricultural sector is contingent upon the timely arrival and spread of the monsoon. Based on the present scenario, the economic growth in FY15 is expected to be moderately better than FY14.

2.7 On the banking front, sustained stresses in the macroeconomic environment gave rise to several challenges, viz. lower credit growth, higher interest rates, fall in investment demand, subdued growth in earnings, as well as rising bad and restructured loans. Banking system's credit growth remained below its deposit growth, mainly due to the slow economic growth and high interest rates which prevailed during FY14. There have also been concerns on asset quality across the banking industry. Higher NPAs and resultant increase in provisioning for restructuring of loans put significant pressure on the banking sector. The increase in provisioning requirements directly impacts the profitability of the banking sector. The performance of the banking industry may, however, improve in the coming quarters due to a moderate pick-up in country's economic growth and a possible downward revision in the policy rates by RBI in FY15.

2.8 In spite of the challenging environment, the Bank continued to show a better performance under business parameters. The Bank has reached a business level of over ₹3.30 lakh crore, by registering a growth of 16%. Deposits of the Bank crossed a level of ₹1.93 lakh crore, while overall credit scaled up to ₹1.37 lakh crore. The Bank has registered a healthy growth in agriculture, MSME & retail lending. The Bank could also achieve the regulatory target of 40% of ANBC in Priority sector lending. Besides, the Bank has also come out with various innovative products/ services to give a better customer experience and accelerate our pace of growth. The Bank has crossed a landmark Branch Network of 2000 and ATM Network of 2000.

3. Performance Highlights

The major highlights of your Bank's performance during 2013-14 are :

(₹ करोड़ में ₹ in crore)



3.1 कारोबार वृद्धि

3.1.1 बैंक का कुल कारोबार मार्च 2013 के ₹2,84,722 करोड़ के स्तर से 16.07% की वृद्धि दर से ₹45,757 करोड़ बढ़ते हुए 31 मार्च, 2014 को ₹3.30 लाख करोड़ के कीर्तिमान स्तर को पार करते हुए ₹3,30,479 करोड़ तक पहुँच गया।

3.1.2 कुल जमाराशियाँ 16.50% की बढ़त से ₹1,93,393 करोड़ तक पहुँच गईं और कुल अग्रिम 15.47% की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹1,37,086 करोड़ तक पहुँच गए।

3.1.3 वर्ष के दौरान बैंक ने कृषि, एसएमई और खुदरा सेग्मेंट पर ध्यान केन्द्रित किया। जहाँ एक ओर कृषि को ऋण 38.86% की दर से बढ़ते हुए ₹13,144 करोड़ तक पहुँच गए, वहीं एसएमई सेग्मेंट को अग्रिम 27.16% की दर से बढ़ते हुए ₹24,818 करोड़ तक पहुँच गए। खुदरा ऋण 15.4% बढ़ते हुए ₹29,026 करोड़ तक पहुँच गया।

3.1.4 ऋण-जमा अनुपात (सीडी अनुपात) 70.88% रहा।

3.1.5 बैंक ने प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र, कमज़ोर वर्ग, महिला और अल्पसंख्यक समुदायों को वित्त पोषित करने में विनियामक लक्ष्यों को प्राप्त किया है। 31.03.2014 को ₹48,560 करोड़ के स्तर पर बैंक के प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम, समायोजित निवल बैंक ऋण (एएनबीसी) के 40% के भारतीय रिज़र्व बैंक के मानदंड के मुकाबले एएनबीसी का 40.91% रहा। बैंक का प्रत्यक्ष कृषि ऋण विशेष कृषि ऋण योजना 2013-14 के अंतर्गत निर्धारित ₹8,500 करोड़ के संवितरण लक्ष्य को पार करते हुए ₹9,958 करोड़ के स्तर पर रहा। 31.03.2014 को कमज़ोर वर्ग को बैंक के अग्रिम ₹12,183 करोड़ रहा जो एएनबीसी के 10% के विनियामक मानदंड को पार करते हुए एएनबीसी का 10.26% रहा। 31.03.2014 को महिला हिताधिकारियों को वित्त ₹7,039 करोड़ रहा जो एएनबीसी के 5% के विनियामक मानदंड के मुकाबले एएनबीसी का 5.93% है। अल्पसंख्यक समुदायों को ऋण ₹7,785 करोड़ के स्तर पर प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिमों का 16.03% है।

3.1 Business growth

3.1.1 The Total Business of the Bank, crossed a milestone figure of ₹3.30 lakh crore as on 31st March, 2014, to reach ₹3,30,479 crore, registering an absolute growth of ₹45,757 crore at a growth rate of 16.07%, over March 2013 level of ₹2,84,722 crore.

3.1.2 The Total Deposits has grown by 16.50% to reach ₹1,93,393 crore and the Total Advances reached ₹1,37,086 crore registering a growth of 15.47%.

3.1.3 During the year, the Bank focused on lending to Agriculture, SMEs and Retail segment. While credit to Agriculture increased by 38.86% to reach ₹13,144 crore, Advances to SME segment improved by 27.16% to ₹24,818 crore. The Retail credit increased by 15.4% to reach ₹29,026 crore.

3.1.4 The Credit-Deposit ratio (CD ratio) stood at 70.88%.

3.1.5 Bank achieved the regulatory targets in financing to priority sector, weaker section, woman and minority communities. The Priority Sector Advances of the Bank at ₹48,560 crore as on 31.03.2014, stood at 40.91% of the Adjusted Net Bank Credit (ANBC) as against the RBI Norm of 40% of ANBC. Bank's Direct Agriculture Credit of ₹9,958 crore surpassed the disbursement target of ₹8,500 crore fixed under Special Agriculture Credit Plan 2013-14. The Bank's Advances to Weaker Sections stood at ₹12,183 crore as at 31.03.2014 forming 10.26% of ANBC, surpassing the regulatory norm of 10% of ANBC. Finance to Women beneficiaries at ₹7,039 crore as on 31.03.2014, stood at 5.93% of ANBC as against the regulatory norm of 5% of ANBC. Credit to minority communities at ₹7,785 crore constituted 16.03% of Priority sector Advances.

3.1.6 बैंक ने एमएसएमई क्षेत्र पर प्रधान मंत्री कार्यबल द्वारा निर्धारित तीन विनियामक मानदंडों में से दो प्राप्त किए हैं। एमएसई को बैंक का ऋण प्रवाह में भा.रि.बैं./वित्त मंत्रालय के 20% के लक्ष्य के मुकाबले 28.35% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि हुई। सूक्ष्म उद्यम खातों की संख्या में बैंक ने भा.रि.बैं./वित्त मंत्रालय द्वारा निर्दिष्ट 10% के मुकाबले 28.27% की वृद्धि प्राप्त की है।

3.1.7 मानक आस्तियाँ बैंक ऋण के 96.58% हैं।

3.1.8 समग्र निवेश पिछले वर्ष के ₹58,295.18 करोड़ के मुकाबले ₹66,698.61 करोड़ रहा।

3.2 लाभप्रदता

3.1.6 Bank has achieved two out of the three regulatory parameters prescribed by the Prime Minister's Task Force on MSME sector. Bank's Credit flow to MSE recorded a Y-O-Y growth of 28.35% as against RBI/Ministry of Finance Target of 20%. The Bank has achieved 28.27% growth in Number of Micro Enterprise accounts as against the RBI/MOF norm of 10%.

3.1.7 The Standard Assets constituted 96.58% of the Bank Credit.

3.1.8 The aggregate investments stood at ₹66,698.61 crore, as against ₹58,295.18 crore in the previous year.

3.2 Profitability

(₹ करोड़ में ₹ in crore)

परिचालन लाभ व निवल लाभ/Operating Profit & Net Profit



3.2.1 बैंक की कुल आय ₹2,664.27 करोड़ (15.73%) बढ़ते हुए ₹19,606.29 करोड़ तक पहुँच गई।

3.2.2 परिचालन लाभ 31.03.2013 के ₹3,037.00 करोड़ से मामूली वृद्धि के साथ ₹3039.40 करोड़ तक पहुँच गया।

3.2.3 वर्ष के दौरान प्रावधानों में मार्च 2013 के ₹1,602.33 करोड़ से 54.63% की वृद्धि के साथ मार्च 2014 में ₹2,477.68 करोड़ तक बढ़ने के कारण बैंक ने 31.03.2013 के ₹1,434.67 करोड़ की तुलना में 31.03.2014 को ₹561.72 करोड़ का निवल लाभ दर्ज किया।

3.3 बेसल II के अंतर्गत बैंक का सीआरएआर 12.21% के संतोषजनक स्तर पर रहा और बेसल III के अंतर्गत यह 11.64% रहा।

3.3.1 बैंक की निवल मालियत पिछले वर्ष के ₹9,566 करोड़ के मुकाबले ₹10,000 करोड़ के कीर्तिमान को पार करते हुए ₹10,085 करोड़ के स्तर पर रही।

3.2.1 The Total Income of the Bank increased by ₹2,664.27 crore (15.73%) to reach ₹19,606.29 crore.

3.2.2 The Operating Profit marginally increased from ₹3,037.00 crore as on 31.03.2013 to ₹3039.40 crore.

3.2.3 Due to increase in provisions during the year, from ₹1,602.33 crore as on March 2013 to ₹2,477.68 crore as on March 2014, by 54.63%, the Bank posted a Net Profit of ₹561.72 crore as on 31.03.2014 as against ₹1,434.67 crore as on 31.03.2013.

3.3 The Bank's CRAR under Basel II stood at a comfortable level of 12.21% and under Basel III it stood at 11.64%.

3.3.1 The Bank's Networth also crossed ₹10,000 crore mark and reached a level of ₹10,085 crore as against ₹9,566 crore last year.

3.3.2 ईक्विटी पर प्रतिलाभ (आरओई) 5.72% और औसत आस्तियों पर प्रतिलाभ (आरओएए) 0.29% है।

3.3.3 लागत में आय अनुपात 44.04% है।

3.3.4 निवल ब्याज आय, अर्थात् ब्याज आय और व्यय किए गए ब्याज के बीच का अंतर है, 10.45% की दर से ₹3,783.69 करोड़ तक बढ़ गई। निवल ब्याज मार्जिन 2.10% है।

3.4 प्रति शेयर अर्जन ₹35.75 रहा और प्रति शेयर बही मूल्य ₹601.95 रहा।

3.5 सकल एनपीए 3.42% रहा और निवल एनपीए 2.32% रहा। बैंक ने गत वर्ष के ₹1,509.30 करोड़ की तुलना में ₹1,355.53 करोड़ एनपीए की नकद वसूली और उन्नयन किया है।

3.6 स्टाफ उत्पादकता में वृद्धि दर्ज हुई है। प्रति कर्मचारी कारोबार ₹19.22 करोड़ से ₹19.33 करोड़ तक बढ़ गया, प्रति कर्मचारी निवल लाभ ₹3.29 लाख के स्तर पर रहा तथा प्रति शाखा कारोबार ₹163.52 करोड़ रहा।

3.7 बैंक का यह दृढ़ विश्वास है कि नए ग्राहकों को पाना और वर्तमान ग्राहकों से संबंधों को पुष्ट करने से ही उसे अपने कारोबार विस्तार में मदद मिलेगी। वर्ष के दौरान बैंक के ग्राहक आधार में 23.92 लाख की वृद्धि हुई।

3.8 **सेवा आउटलेट:** बैंक के कुल सेवा आउटलेट 8,600 के स्तर को पार करते हुए 8,617 इकाइयों तक पहुँच गए हैं जिनमें 2,021 शाखाएं, 2,264 एटीएम और 4,332 शाखा रहित बैंकिंग इकाइयाँ शामिल हैं। इनमें से 314 शाखाएं, 839 एटीएम और 787 शाखा रहित बैंकिंग इकाइयाँ वर्ष के दौरान परिचालित की गई थीं।

3.9 वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में बैंक मानक स्थापित करता रहा है। वित्तीय वर्ष के दौरान 787 गाँवों को बैंकिंग संरचना उपलब्ध कराई गई जिससे ऐसी सुविधा उपलब्ध कराए गए गाँवों की कुल संख्या 4,332 हो गई। बैंक ने वर्ष के दौरान 3.98 लाख सरल 'आधारभूत बचत बैंक जमा खाते' खोले जिससे कुल खातों की संख्या 21.26 लाख हो गई जिनमें शेषराशि ₹157.46 करोड़ रही। 2013-14 से 2015-16 तक तीन वर्षों की वित्तीय योजना के दौरान विभिन्न राज्यों की एसएलबीसी द्वारा बैंक को आबंटित 1,562 गाँवों में बैंक 31.03.2014 तक 1,075 गाँवों (1,067 गाँव बीसी मॉडल द्वारा और 8 गाँवों में शाखा मॉडल द्वारा) बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराई है। शेष गाँवों को 2014-15 के दौरान कवर किया जाएगा, इस प्रकार लक्ष्य के एक वर्ष पहले ही सभी शाखाओं को कवर किया जाएगा। बैंक ने 7 राज्यों और 114 शहरी स्थानों में शहरी वित्तीय समावेशन भी कार्यान्वित किया है।

3.3.2 Return on Equity (ROE) works out to 5.72% and the Return on Average Assets (ROAA) is at 0.29%.

3.3.3 The Cost to Income Ratio was at 44.04%.

3.3.4 The Net Interest Income i.e. the difference between the Interest income and Interest expended, increased by 10.45% to ₹3,783.69 crore. The Net Interest Margin works out to 2.10%.

3.4 Earnings per Share stood at ₹35.75 and the Book Value per Share was at ₹601.95.

3.5 The Gross NPA stood at 3.42% and the Net NPA stood at 2.32%. The Bank has effected Cash recovery and up-gradation of NPAs to the extent of ₹1,355.53 crore as compared to ₹1,509.30 crore last year.

3.6 The Staff Productivity has recorded an improvement. The Business per Employee moved up from ₹19.22 crore to ₹19.33 crore. Net Profit per Employee was at ₹3.29 lakh and Business per Branch stood at ₹163.52crore.

3.7 The Bank firmly believes that acquisition of new clients and nurturing the relationship with existing clients will only help in expansion of its business. During the year the clientele base of the Bank increased by 23.92 lakh.

3.8 **Service Outlets :** Bank's total service outlets crossed 8,600 mark to reach 8,617 units, comprising of 2,021 branches, 2,264 ATMs and 4,332 Branchless Banking units. Of these, 314 branches, 839 ATMs and 787 Branchless banking units were operationalised during the year.

3.9 The Bank has been setting standards in the area of Financial Inclusion. During the year, 787 villages have been provided with banking infrastructure to take the total number of units to 4,332. More than 3.98 lakh simple "Basic SB accounts" were opened taking the tally to 21.26 lakh accounts with an outstanding balance of ₹157.46 crore. Out of the 1,562 villages allotted to the Bank by SLBCs of various states during the financial plan of three years from 2013-14 to 2015-16, Bank has since provided banking facility at 1,075 villages (1,067 villages through BC model and 8 villages through branch model) as at 31.03.2014. Remaining villages will be covered during 2014-15 thus covering all villages one year ahead of the target. The Bank has also implemented Urban Financial Inclusion in 114 urban locations spread across 7 states.

4. लाभांश

वर्ष 2013-14 के लिए प्रत्येक ₹10/- के ईक्विटी शेयर के लिए ₹2.25 के अंतिम लाभांश की संस्तुति करने में आपके बैंक के निदेशक मंडल को खुशी हो रही है। यह उक्त वित्त वर्ष के दौरान दिनांक 31.01.2014 को बैंक द्वारा पहले ही भुगतान किए गए ₹4.50 प्रति शेयर के अंतरिम लाभांश के अतिरिक्त है।

5. शुरू किए गए नए उत्पाद

- बैंक ने आकर्षक अतिरिक्त सुविधाओं के साथ दो नई प्रीमियम बचत बैंक योजनाएं "कार्प सिग्नेचर" और "कार्प सूपर" शुरू की हैं।
- बैंक ने एक नई योजना - कार्प सरल बचत खाते की शुरुआत की है जिसमें ग्राहक वैयक्तिक दुर्घटना बीमा के साथ कई प्रकार की विशेषताएं और अतिरिक्त सुविधाएं प्राप्त कर सकते हैं।
- एंड्राइड, आईओएस फोनों व टैब्लेटों के ज़रिए एक विशेष मोबाइल बैंकिंग एप्प की शुरुआत की जिसके ज़रिए ग्राहक विभिन्न सुविधाएं और सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं।
- फॉरेक्स में संव्यवहार करने वाले आयातकों और निर्यातकों के लिए विभिन्न सुविधाओं के साथ कार्प ग्लोबल चालू खाता।
- कई आकर्षक अतिरिक्त सुविधाओं के साथ दो नई प्रीमियम चालू खाता योजनाएं "कार्प क्लब" और "कार्प प्रिविलेज" शुरू की गईं।
- अकसर विदेश में जाने वाले यात्रियों के फायदे के लिए "कार्प ग्लोबल कार्ड - प्रीपेड फॉरेक्स ट्रैवल कार्ड" शुरू किया गया।
- पर्यावरण सजगता पहल के अंग के रूप में ग्राहक की सुविधा हेतु "कार्प ई-पासबुक" नाम का डिजिटल पासबुक शुरू किया गया।

6. नई पहल

बैंक ने अपने कामकाज को सुधारने के लिए वर्ष के दौरान निम्नलिखित पहल की हैं:

क) व्यापक रूप से एसएमई सेग्मेंट की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कार्पोरेशन बैंक ने देश भर में सोलह शहरों में विशेष एसएमई ऋण केन्द्र खोले।

ख) बैंक ने अपने खुदरा एवं कार्पोरेट ग्राहकों को कार्पनेट-इंटरनेट बैंकिंग प्लैटफार्म के ज़रिए जमाराशियों को ऑनलाइन खोलने की सुविधा दी।

ग) कार्पोरेशन बैंक ने कारोबार प्रक्रिया पुनर्विन्यास और संगठनात्मक परिवर्तन यात्रा में "प्रोजक्ट संकल्प" शुरू किया।

घ) सभी सेग्मेंटों के लिए प्लास्टिक मनी की शुरुआत की गई जैसे इंटरनैशनल डेबिट कार्ड, इंटरनैशनल क्रेडिट कार्ड, इंटरनैशनल ट्रैवल कार्ड, प्रीपेड गिफ्ट कार्ड, स्टुडेंट कैंपस कार्ड आदि।

4. Dividend

The Board of Directors of your Bank is pleased to recommend a Final dividend of ₹2.25 per equity share of ₹10/- each for the year 2013-14. This is in addition to the Interim Dividend of ₹4.50 per share, already paid by the Bank during the financial year, on 31.01.2014.

5. New Products launched

- The Bank has launched two new premium Savings Bank Schemes "Corp Signature" and "Corp Super" with many attractive add on facilities.
- Bank also has launched a new variant – Corp Saral Savings Account where the customers can avail of a bouquet of features and add-ons along with personal accident insurance.
- A special Mobile Banking App through Android and IOS Phones and Tablets launched through which customer can avail various facilities/services.
- Corp Global current account variant with various facilities, launched for Exporters and Importers who deal in Forex.
- Two new premium Current Account Schemes "Corp Club" and "Corp Privilege" with many attractive add on facilities, were launched.
- "Corp Global Card - A Pre-paid Forex Travel Card" was launched for the benefit of frequent travellers abroad.
- A digital passbook named as"Corp e-Passbook" was launched for customer convenience and as part of green initiative.

6. New Initiatives

The Bank has taken up the following new initiatives during the year to improve its functioning:

a) Corporation Bank, with a view to catering to the SME segments in a big way, has opened exclusive SME Loan centres in Sixteen Cities across the country.

b) The Bank has facilitated Online Opening of Deposits to its Retail and Corporate Customers through CorpNet – Internet Banking Platform.

c) Corporation Bank has launched "Project Sankalp" a Business Process Re-engineering and Organizational transformation journey.

d) Plastic Money for all segments like International Debit Card, International Credit Card, International Travel Card, Prepaid Gift Cards, Students Campus Cards etc., introduced.

ङ) कार्प किरणः कार्पोरेशन बैंक ने सीएसआर (कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) के अंतर्गत क्रियाकलापों के लिए बैंक के वरिष्ठ कार्यपालकों की पत्नियों का संघ "कार्प किरण" नाम के एक स्कंध की स्थापना की है।

7. पुरस्कार एवं सम्मान

विभिन्न प्रतिष्ठित संगठनों से प्राप्त पुरस्कार और सम्मान बैंक के निष्पादन को बयान करते हैं। उनमें से कुछ हैंः

- बैंक को वित्त वर्ष 2012-13 के लिए एमएसई उधार में उत्कृष्ट निष्पादन के आधार पर पहला स्थान और सूक्ष्म उद्यमों को उधार देने में उत्कृष्ट निष्पादन के अधार पर दूसरा स्थान प्राप्त करने पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदत्त पुरस्कार प्राप्त हुआ। ये प्रतिष्ठित राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार दिनांक 1 मार्च, 2014 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह के दौरान भारत के माननीय प्रधान मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के कर-कमलों से प्राप्त किए गए।
- "बैंकिंग में मॉबिलिटी टेक्नॉलॉजी के उत्तम उपयोग" के लिए भारतीय बैंक संघ (आईबीए) से सरकारी क्षेत्र के बैंकों के प्रवर्ग में दूसरे रनर-अप के लिए आईबीए बैंकिंग टेक्नॉलॉजी अवार्ड 2012-13.
- एसएमई सशक्तीकरण में उत्कृष्ट निष्पादन के लिए बैंक ने श्री मोंटेक सिंह अहलूवालिया, उपाध्यक्ष, योजना आयोग, नई दिल्ली से स्कॉच अचीवर अवार्ड प्राप्त किया।

8. अपने वक्तव्य को समाप्त करने से पहले, मैं प्रबंधन पर आस्था और विश्वास रखने के लिए बैंक के सभी शेयरधारकों के प्रति अपना हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करता हूँ। बैंक की प्रगति में सक्रिय सहभागिता तथा योगदान के लिए मैं सभी कर्मचारियों को भी धन्यवाद देता हूँ। ग्राहक हमारे संगठन की रीढ की हड्डी हैं। मैं निरंतर समर्थन एवं संरक्षण के लिए हमारे बहुमूल्य ग्राहकों को तहेदिल से धन्यवाद देता हूँ। मैं बैंक के दक्ष कार्य-संचालन में समर्थन एवं मार्गदर्शन के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक और वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के प्रति भी अपना आभार प्रकट करता हूँ।

आपका,

(एस. आर. बंसल)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थानः मंगलूर
दिनांकः 23.05.2014

e) Corp Kiran: Corporation Bank has set up a wing named "Corp Kiran" - An association of Wives of Senior Executives of Corporation Bank, under CSR (Corporate Social Responsibility) for undertaking CSR activities.

7. Awards and Accolades

The Awards and Accolades received from various organizations of repute speak volumes about the Bank's performance. Some of them are:

- The Bank secured First Rank based on outstanding performance in MSE lending and Second Rank based on excellent performance in lending to micro enterprises, conferred by the Ministry of Micro, Small and Medium Enterprises, Government of India, for the financial year 2012-13. The prestigious National Awards for Excellence were received at the benign hands of Dr. Manmohan Singh, the Hon'ble Prime Minister of India, during the National Awards Function held at Vigyan Bhawan, New Delhi on 1st March, 2014.
- IBA Banking Technology Award 2012-13 for "Best Use of Mobility Technology in Banking" from Indian Banks' Association (IBA)- as 2nd Runner-up in Public Sector Banks category.
- The Bank has won Skoch Achiever Award for outstanding performance in SME enablement. from Shri Montek Singh Ahluwalia, Deputy Chairman, Planning Commission, New Delhi.

8. Before I conclude, I express my sincere thanks and gratitude to all the shareholders of the Bank for reposing their faith and confidence in the Management. I also thank all the employees for their active involvement and contribution towards the growth of the Bank. Customers are the backbone of our organization. I sincerely thank our valuable customers for their continued support and patronage. I also owe my gratitude to the Reserve Bank of India and the Ministry of Finance, Government of India for their support and guidance in the effective functioning of the Bank.

Yours sincerely,

[S. R. Bansal]
Chairman and Managing Director

Place : Mangalore
Date : 23.05.2014

कार्पोरेशन बैंक
प्रधान कार्यालयः मंगला देवी मंदिर मार्ग
मंगलूर – 575 001
दक्षिण कन्नड़ जिला, कर्नाटक राज्य, भारत

सूचना

कार्पोरेशन बैंक (शेयर एवं बैठक) विनियम, 1998 के विनियम 56 के अनुसरण में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्पोरेशन बैंक के शेयरधारकों की सत्रहवीं वार्षिक महासभा **गुरुवार, 26 जून, 2014 को पूर्वाह्न 10.30 बजे,** सहस्राब्दि भवन, कार्पोरेशन बैंक, प्रधान कार्यालय, मंगला देवी मंदिर मार्ग, पांडेश्वर, मंगलूर - 575 001, कर्नाटक राज्य में संपन्न होगी जिसमें निम्नलिखित मदों पर विचार विमर्श किया जाएगाः

मद सं. 1: बैंक के 31 मार्च, 2014 के लेखा परीक्षित तुलन-पत्र, 31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष हेतु बैंक के लाभ-हानि लेखा, लेखों में समाहित अवधि के लिए बैंक के कार्य-निष्पादन तथा क्रियाकलापों पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट और तुलन-पत्र एवं लेखों पर लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट पर विचार विमर्श, अनुमोदन तथा स्वीकार करना।

मद सं. 2: वित्तीय वर्ष 2013-2014 हेतु ईक्विटी शेयरों पर अंतिम लाभांश घोषित करना।

निदेशक मंडल के आदेश से
कृते कार्पोरेशन बैंक

(एस. के. दाश)
कंपनी सचिव

स्थानः मंगलूर
दिनांकः 23.05.2014

CORPORATION BANK
HEAD OFFICE : MANGALA DEVI TEMPLE ROAD
MANGALORE – 575 001
D.K. DISTRICT, KARNATAKA STATE, INDIA

NOTICE

NOTICE IS HEREBY GIVEN pursuant to Regulation 56 of the Corporation Bank (Shares and Meetings) Regulations, 1998 that the Seventeenth Annual General Meeting of the Shareholders of CORPORATION BANK will be held on **Thursday, 26th June, 2014, at 10.30 a.m.** at Millennium Building, Corporation Bank, Head Office, Mangala Devi Temple Road, Pandeshwar, Mangalore – 575 001, KARNATAKA State to transact the following business:

Item No. 1: To discuss, approve and adopt the Audited Balance Sheet of the Bank as at 31st March, 2014, Profit and Loss Account of the Bank for the year ended 31st March, 2014, the Report of the Board of Directors on the working and activities of the Bank for the period covered by the Accounts and the Auditors' Report on the Balance Sheet and Accounts.

Item No. 2: To declare Final Dividend on Equity Shares for the Financial Year 2013-2014.

By order of the Board of Directors
for CORPORATION BANK

(S. K. DASH)
COMPANY SECRETARY

Place : Mangalore
Date : 23.05.2014

नोट

1. प्रॉक्सी की नियुक्ति

जिस शेयरधारक को बैठक में भाग लेने का अधिकार है, उसे अपने स्थान पर बैठक में भाग लेने के लिए एक प्रॉक्सी नियुक्त करने का भी अधिकार है तथा ऐसे प्रॉक्सी का कार्पोरेशन बैंक का शेयरधारक होना आवश्यक नहीं है।

तथापि, इस प्रकार नियुक्त प्रॉक्सी को बैठक में बोलने का कोई अधिकार नहीं होगा।

प्रॉक्सी के रूप में ऐसे किसी व्यक्ति की नियुक्ति नहीं की जाएगी जो कार्पोरेशन बैंक का एक अधिकारी या कर्मचारी हो।

विनियम 70(vi) के अनुसार प्रॉक्सी लिखत देनेवाला, लिखत से संबंधित बैठक में व्यक्तिगत रूप से वोट देने के लिए पात्र नहीं होगा।

प्रॉक्सी फार्म प्रभावी होने हेतु बैठक प्रारंभ होने से **कम–से–कम चार दिन पहले** अर्थात् **शनिवार, 21 जून, 2014 को कार्य समय की समाप्ति अर्थात् अपराह्न 2.00 बजे** तक या उससे पहले बैंक के प्रधान कार्यालय, मंगला देवी मंदिर मार्ग, मंगलूर–575 001, कर्नाटक राज्य में प्राप्त हो जाना चाहिए।

2. प्राधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति

बैंक के शेयरधारक कंपनी निकाय का विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कोई व्यक्ति, वार्षिक महासभा में भाग लेने और मतदान करने हेतु तब तक पात्र नहीं होगा, जब तक उसे विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त करनेवाले संकल्प की प्रति को उस बैठक के अध्यक्ष द्वारा, जिस बैठक में वह पारित किया गया हो, सत्यप्रति प्रमाणित किया गया हो, बैठक की तिथि से **कम–से–कम चार दिन पहले अर्थात् शनिवार, 21 जून, 2014 को कार्य समय की समाप्ति अर्थात् अपराह्न 2.00 बजे तक** या उससे पहले बैंक के प्रधान कार्यालय में कंपनी सचिव, कार्पोरेशन बैंक, निवेशक सेवा विभाग, प्र.का., मंगलूर – 575 001, कर्नाटक राज्य को प्रस्तुत नहीं किया जाता है।

3. संयुक्त धारकों के अधिकारों का प्रयोग

यदि शेयर संयुक्त धारकों के नाम में है, तब केवल पहले नामित व्यक्ति ही बैठक में भाग लेने हेतु पात्र होगा और वह ही बैठक में वोट डालने के लिए पात्र होगा।

4. सदस्यों के रजिस्टर की बंदी

कार्पोरेशन बैंक (शेयर एवं बैठक) विनियम, 1998 के विनियम 12 के अनुसरण में बैंक के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर अंतरण बहियाँ, **मंगलवार, 17 जून, 2014 से गुरुवार, 26 जून, 2014** (दोनों दिनों सहित) सत्रहवीं वार्षिक महासभा के संबंध में तथा उक्त वार्षिक महासभा में भाग लेने तथा अंतिम लाभांश, यदि कोई हो, को प्राप्त करने हेतु पात्र शेयरधारकों के नाम निर्धारित करने के उद्देश्य से बंद रहेगी।

NOTES

1. APPOINTMENT OF PROXY

A SHAREHOLDER ENTITLED TO ATTEND THE MEETING, IS ALSO ENTITLED TO APPOINT A PROXY TO ATTEND INSTEAD OF HIMSELF/ HERSELF, AND SUCH A PROXY NEED NOT BE A SHAREHOLDER OF THE BANK.

However, the proxy so appointed will not have any right to speak at the Meeting.

No person shall be appointed as a proxy who is an officer or an employee of Corporation Bank.

As per the Regulations 70(vi), the grantor of an instrument of proxy shall not be entitled to vote in person at the meeting to which such instrument relates.

The proxy form, in order to be effective, must be received by the Bank at its Head Office at Mangala Devi Temple Road, Mangalore – 575 001, Karnataka State, **not later than FOUR DAYS before the date of the Meeting,** i.e. **on or before the closing hours i.e. 2.00 p.m. of Saturday, the 21st June, 2014.**

2. APPOINTMENT OF AN AUTHORISED REPRESENTATIVE

No person shall be entitled to attend or vote at the Annual General Meeting as a duly authorised representative of any body corporate which is a shareholder of the Bank, unless a copy of the resolution appointing him/her as a duly authorised representative, certified to be true copy by the Chairman of the meeting at which it was passed, shall have been deposited at the Head Office of the Bank, with the Company Secretary, Corporation Bank, Investor Services Department, H.O., Mangalore – 575 001 Karnataka State, not later than **FOUR DAYS before the date of the Meeting i.e., on or before the closing hours i.e. 2.00 p.m. of Saturday, the 21st June, 2014.**

3. EXERCISE OF RIGHTS OF JOINT HOLDERS

If shares are in the names of joint holders, then first named person is only entitled to attend the meeting and is only eligible to vote in the meeting.

4. CLOSURE OF REGISTER OF MEMBERS

Pursuant to Regulation 12 of the Corporation Bank (Shares and Meetings) Regulations, 1998, the Register of Members and the Share Transfer Books of the Bank will remain closed from **Tuesday the 17th June, 2014 to Thursday the 26th June, 2014** (both days inclusive) in connection with the Seventeenth Annual General Meeting and for the purpose of determining the names of shareholders entitled to participate in the Annual General Meeting and to receive the final dividend, if any.

5. उपस्थिति पत्रक–सह–प्रवेश पत्र

शेयरधारकों की सुविधा हेतु उपस्थिति पत्रक–सह–प्रवेश पत्र इस सूचना के साथ अनुबंधित है। शेयरधारकों/प्रॉक्सीधारकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे उसे भरकर उसमें निर्धारित स्थान पर अपने हस्ताक्षर करें और बैठक स्थान पर इसे सौंप दें। शेयरधारकों के प्रॉक्सी/प्राधिकृत प्रतिनिधि को उपस्थिति पत्रक–सह–प्रवेश पत्र में यथास्थिति "प्रॉक्सी" या "प्राधिकृत प्रतिनिधि", जैसा भी मामला हो, उल्लिखित करना चाहिए।

6. सूचना तामिल करना

17वीं वार्षिक महासभा की सूचना की इलेक्ट्रॉनिक प्रति अन्य बातों के साथ–साथ ई–वोटिंग की प्रक्रिया और पद्धति सूचित करते हुए उपस्थिति पत्रक एवं प्रॉक्सी फार्म के साथ उन सभी सदस्यों को भेजी जा रही है जिन्होंने अपनी ई–मेल आईडी संसूचना के लिए बैंक/डिपॉज़िटरी पार्टिसिपेंट के साथ पंजीकृत करवाई है और इसकी हार्ड कॉपी के लिए अनुरोध न किया हो। जिन सदस्यों ने अपना ई–मेल पता पंजीकृत न करवाया हो, उन्हें 17वीं वार्षिक महासभा की सूचना की कागज़ी प्रति अन्य बातों के साथ–साथ ई–वोटिंग की प्रक्रिया और पद्धति सूचित करते हुए उपस्थिति पत्रक एवं प्रॉक्सी फार्म के साथ अनुमत विधि द्वारा भेजी जा रही है। इस बैठक की सूचना बैंक की वेबसाइट www.corpbank.com पर भी उपलब्ध कराई गई है।

7. इलेक्ट्रॉनिक तरीके से वोटिंग

कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 के साथ पठित ईक्विटी के लिए सूचीकरण करार के खण्ड 35बी के प्रावधानों के अनुपालन में बैंक, अपने सदस्यों को 17वीं वार्षिक महासभा (एजीएम) में एक वैकल्पिक मतदान विधि के रूप में ई–वोटिंग सुविधा सहर्ष प्रस्तुत करता है, जिससे वे इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपने वोट डाल सकेंगे और कार्वी कंप्यूटरशेयर प्रा.लि. द्वारा उपलब्ध कराए गए ई–वोटिंग सर्विसस, ई–वोटिंग प्लैटफार्म से कार्य संचालित किए जा सकते हैं। **कृपया नोट करें कि ई–वोटिंग वैकल्पिक है।**

ई–वोटिंग के लिए अनुदेश निम्नानुसार है:

I क. यदि किसी शेयरधारक को प्राधिकृत ई–वोटिंग प्लैटफार्म प्रदाता कार्वी कंप्यूटरशेयर प्रा.लि. से ई–मेल प्राप्त होता है (उन शेयरधारकों के लिए जिनकी ई–मेल आईडी बैंक/डिपॉज़िटरी पार्टिसिपेंट के साथ पंजीकृत है):

10.1 The Bank's total service outlets crossed 8,600 mark during the year ended 31st March, 2014 to reach 8,617 service outlets, comprising of 2,021 branches, 2,264 ATMs and 4,332 Branchless Banking Units across the country. Out of these 314 branches (including 111 branches opened in unbanked rural centres), 839 ATMs and 787 Branchless banking Units were opened during the year. The Bank is also having its representative offices at Hongkong and Dubai for catering to the existing and prospective NRI customers. Out of the total 2,021 branches, 501 branches are in Rural areas, 672 in Semi-urban centres, 427 in Urban areas and 421 in Metro centres. Similarly, of the total 2,264 ATMs, 269 are in rural areas, 661 in Semi-urban centres, 682 in urban areas and 652 are in metros.

10.2 To exploit the potential of Eastern Region of India and to have a focused approach for business development in that region, the Bank has opened a new Zonal office at Bhubaneswar in the state of Odisha, during the year which has started functioning from 7th August, 2013.

With the above, the Bank now has a total of 32 zonal offices spread across the country to have a better control, monitoring and guiding the branches for the development of the Bank's business. The Bank also has 6 Circle offices headed by General Managers operating at Mumbai, Delhi, Bangalore, Chennai, Kolkata and Ahmedabad. The Circle offices function as an extended arm of the Corporate Office, better equipped to support and drive business development plans of the Zonal Offices in their Command area. The Corporate office functions that are delegated to Circle offices are Planning, Development and Resource Mobilisation, Credit Sanctions, Credit Risk Management, Recovery and Legal, Human Resource Management, Support Services and Inspection and Audit.

11. Advertisement and Publicity

11.1 During the year, concerted efforts were made for enhancing the brand and image building of the Bank. The Bank continued to disseminate messages on its products, services, interest rates and its performance to the customers, shareholders and the general public through advertisements and publicity in Newspapers, Periodicals, TV Channels, FM Radio Stations, Hoardings, Translites, Website, ATMs, etc.

12. सरकारी कारोबार और बैंकाश्योरेन्स

12.1 31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष हेतु बैंक का कुल प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष कर संग्रहण 17.33 लाख चालानों सहित ₹43,125 करोड़ रहा जबकि पिछले वर्ष के दौरान यह 15.87 लाख चालानों सहित ₹43,136 करोड़ था। 31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष के लिए कुल राज्य वैट संग्रहण 5.05 लाख चालानों में ₹5,884 करोड़ तक पहुँचा जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान 3.62 लाख चालानों में ₹4,920 करोड़ रहा। संग्रहीत राशि और चालानों के अंतर्गत क्रमशः 19.59% और 39.50% की वृद्धि दर दर्ज हुई।

12.2 बैंक ने मार्च, 2014 को समाप्त वित्त वर्ष हेतु सरकारी कारोबार के अंतर्गत ₹8.69 करोड़ की आय प्राप्त की है जबकि पिछले वर्ष यह ₹8.88 करोड़ थी। 1 जुलाई, 2012 से ई-पेमेंट के मामले कमीशन को ₹45 प्रति चालान से ₹12 प्रति चालान कर घटाने के भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के कारण कर उगाही से प्राप्त होने वाली आय प्रभावित हुई है।

12.3 वर्ष के दौरान बैंक द्वारा की गई कुछ नई पहल हैं – उत्तर प्रदेश और राजस्थान राज्यों में ई-स्टैंपिंग की सुविधा विस्तारित करना, कार्पोरेट कार्यालय में स्थापित केन्द्रीकृत पेंशन प्रसंस्करण कक्ष के ज़रिए दूरसंचार पेंशनरों को पेंशन के ऑनलाइन भुगतान की शुरुआत, कार्पोरेट नई पेंशन योजना के अंतर्गत 4000 से अधिक कर्मचारियों का पंजीकरण, बैंक के ग्राहकों को ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लैटफार्म प्रदान करने के लिए जियोजित बीएनपी पैरिबस के साथ गठबंधन व्यवस्था करना, भारत भर में 57 शाखाओं के ज़रिए पैन कार्ड कूपन जारी करने हेतु मेसर्स यूटीआई इन्फ्रास्ट्रक्चर टेक्नॉलॉजी एण्ड सर्विसस लि. के साथ गठबंधन व्यवस्था की है।

12.4 **बैंकाश्योरेन्स**: बैंक ज़ोर-शोर से जीवन बीमा और साधारण बीमा जैसे बैंकाश्योरेन्स उत्पादों का विपणन करता रहा है। वर्ष के दौरान बैंक ने इस कारोबार से ₹10.85 करोड़ आय अर्जित की है, इसमें 31.13% की दर से ₹2.58 करोड़ की समग्र वृद्धि दर्ज हुई है। जीवन बीमा के अंतर्गत बैंक ने 28.34% की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹7.17 करोड़ की आय अर्जित की है तथा साधारण बीमा के अंतर्गत 60.15% की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹3.20 करोड़ की आय अर्जित की है।

13. कार्पोरेट सामाजिक दायित्व:

13.1 वित्तीय वर्ष 2013-2014 के दौरान, एक जिम्मेदार कार्पोरेट नागरिक के नाते बैंक ने अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता निभाने के लिए मूलभूत ज़रूरतों और समाज के व्यापक हित पर ध्यान केन्द्रित करते हुए कई कल्याणकारी उपाय शुरू किए हैं।

13.2 सामाजिक सरोकार हेतु समर्थन:

13.2.1 उत्तराखंड को सहायता:

उत्तराखंड राज्य में मूसलाधार वर्षा, बादल फटने, भू-स्खलन और बाढ़ के कारण रिहाइशी मकान, सड़कें और पुल ढह गए। एक

12. Government Business and Bancassurance

12.1 The total Direct/Indirect tax and Customs duty collections of the Bank for the year ended 31st March, 2014 reached ₹ 43,125 crore from 17.33 lakh challans as compared to ₹43,136 crore from 15.87 Lakh challans collected during the last year. The total State VAT collections for the year ended 31st March, 2014, reached ₹5,884 crore from 5.05 Lakh challans as against ₹4,920 crore from 3.62 Lakh challans collected last year, with a significant growth rate of 19.59% and 39.50% respectively under amount collected and challans handled.

12.2. The Bank has earned an aggregate income of ₹8.69 crore under Govt. Business during the FY ended March, 2014 as compared to ₹8.88 crore earned last year. The downward revision of commission from ₹45 to ₹12 per challan in case of e-payments effective from1st July, 2012, has impacted the income generated out of tax collection.

12.3 Some of the new initiatives undertaken by the Bank during the year are – Extension of E-stamping facility to the States of Uttar Pradesh and Rajasthan, Commencement of online payment of pension to telecom pensioners, through the Centralized Pension Processing Cell set up at Corporate Office, Registration of over 4000 employees under the Corporate New Pension Scheme, entering into tie-up arrangement with Geojit BNP Paribas for providing online trading platform for the Bank's clients and entering into tie-up arrangement with M/s UTI Infrastructure Technology & Services Ltd., for Issue of PAN card coupons through 57 branches.

12.4 **Bancassurance** : Bank has been aggressively marketing Bancassurance products like Life insurance and General insurance. During the year, the Bank has earned an income of ₹10.85 crore from this business, registering an absolute growth of ₹2.58 crore at 31.13%. Under life insurance, while the bank has earned an income of ₹7.17 crore registering a growth of 28.34%, under general insurance, the bank earned ₹3.20 crore registering a growth of 60.15%.

13. Corporate Social Responsibility:

13.1 As a responsible Corporate citizen, the Bank initiated several welfare measures aiming at the under privileged section of the society in fulfillment of its commitment to social priorities during the financial year 2013-2014.

13.2 Support to Societal Concerns:

13.2.1 Assistance to Uttarakhand:

The State of Uttarakhand was hit by torrential rains followed by cloudbursts, landslides and flash floods,

जिम्मेदार कार्पोरेट नागरिक के नाते बैंक ने पीड़ितों की राहत एवं पुनर्वास के लिए मुख्य मंत्री राहत कोष, उत्तराखंड में रुपए एक करोड़ दान दिए।

13.2.2 **अन्य सीएसआर पहल:**

बैंक ने शिक्षा, ढाँचागत विकास, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, कला एवं संस्कृति को प्रोत्साहन से जुड़ी विभिन्न पहलों में सहभागिता भी की है। बैंक ने कई दीन-हीन, अनाथों, वरिष्ठ नागरिकों और विशेष बच्चों आदि की सेवा करने वाली कई संस्थाओं को सहयोग दिया।

13.3 कार्पोरेशन बैंक आर्थिक विकास मंच (सीबीईडीएफ)

कार्पोरेशन बैंक आर्थिक विकास मंच (पं) को बैंक की एक लाभ-रहित आर्थिक इकाई के रूप में वर्ष 1992 में शुरू किया गया था और वह कार्पोरेट मिशन के अनुरूप अपने सामाजिक दायित्व को निभाते आ रहा है। इस न्यास का उद्देश्य आर्थिक उन्नति, सामाजिक विकास के लिए अपनी पूर्ण क्षमता का जनता को आभास कराने तथा उनके जीवन-स्तर को सुधारने के लिए आर्थिक विकास क्रियाकलाप करना और करने में मदद देना है। वर्ष 2013-14 के दौरान सामाजिक सरोकार की विभिन्न परियोजनाओं के निष्पादन हेतु ₹74.22 लाख के वित्तीय अनुदान वितरित किए गए। सहायता प्रदान किए गए क्षेत्रों में अस्पतालों को एंबुलेंस, यातायात वाहन और डयालिसिस मशीन देना, स्कूलों में क्लास रूम, लाइब्रेरी बिल्डिंग, ऑपन एयर थिएटर का निर्माण करना, स्कूलों में फर्नीचर, पेय जल सुविधा और वॉटर फिल्टर कम प्यूरिफायर उपलब्ध कराना आदि शामिल है।

13.4 "कार्प किरण" के ज़रिए सीएसआर क्रियाकलाप

वर्ष के दौरान बैंक ने प्रधान कार्यालय के अलावा मंडल कार्यालयों और आंचलिक स्तरों पर सीएसआर क्रियाकलापों के लिए "कार्प किरण" नाम से महिला कल्याण संघ गठित किया। बैंक ने वर्ष के दौरान "कार्प किरण" के माध्यम से सीएसआर क्रियाकलापों के तहत विभिन्न संस्थाओं को ₹10.64 लाख प्रदान किए। क्रियाकलापों में गरीब स्कूली छात्रों को तथा अनाथाश्रमों, वृद्धाश्रमों, निराश्रित गृहों के निवासियों को खाना, कपड़े, पुस्तकें आदि देना, शारीरिक एवं मानसिक रूप से अक्षम लोगों को सहायता देना, पीड़ित निर्धन लोगों को चिकित्सा सहायता प्रदान करना, पर्यावरण सजगता पहल को समर्थन देना, जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना और गरीब लोगों के लाभ के लिए अन्य समुदाय विकास क्रियाकलाप करना शामिल है। वर्ष 2014-15 के दौरान बैंक, देश भर में अधिक संस्थाओं एवं लाभार्थियों को "कार्प किरण" के क्रियाकलापों में शामिल करेगा।

13.5 कार्पोरेशन बैंक स्वरोज़गार प्रशिक्षण संस्थान (सीओबीएसईटीआई)

22.03.1996 को चिकमगलूर में स्थापित तथा 23.01.2013 को कोडगु में स्थापित कार्पोरेशन बैंक स्वरोज़गार प्रशिक्षण संस्थान

washing away dwelling houses, roads and bridges. As a responsible Corporate Citizen, the Bank donated Rupees One crore to the Chief Minister's Relief Fund, Uttarakhand, towards relief and rehabilitation of the victims.

13.2.2 **Other CSR initiatives:**

The Bank has also involved itself with several initiatives in the field of Education, Development of infrastructure, Rural development, Health and Hygiene and Promotion of Art and Culture. The Bank supported many institutions who have been serving the Destitute, Orphans, Senior citizens and Special Children, etc.

13.3 Corporation Bank Economic Development Foundation [CBEDF]

The Corporation Bank Economic Development Foundation® a non-profit economic outfit Trust was launched in the year 1992 and continues to fulfill its social obligation in tune with corporate mission. The objective of the trust is to carry out or assist in carrying out economic development activities to help people realize their full potential for economic advancement, social development and to raise quality of their life. Financial grants to the extent of ₹74.22 lakh were disbursed for execution of various projects of social concerns during the year 2013-14. The areas of assistance included providing ambulance, transport vehicle and Dialysis Machine for hospitals, assistance for construction of class rooms, library building and open-air theatre in schools, providing furniture, drinking water facility and water-filter-cum-purifier in schools etc.

13.4 CSR Activities through "CorpKiran"

During the year, the Bank formed Women Welfare Associations under the name "CorpKiran" to extend the CSR activities through Circle Offices and Zonal Office levels, in addition to Head Office. The Bank granted ₹10.64 lakh to various institutions during the year for CSR activities through "CorpKiran". The activities included providing of food, clothing, books etc., to poor school children and inmates of orphanages, old age homes, destitute homes, helping physically and mentally challenged people, extending medical help to poor people in distress, supporting green initiatives, conducting awareness programmes and other community development activities benefitting poor people. In 2014-15 the Bank will extend the activities of "CorpKiran" to more number of Institutions and beneficiaries, throughout the country.

13.5 Corporation Bank Self Employment Training Institutes [COBSETI]

The Corporation Bank Self Employment Training Institutes, established on 22.03.1996 in Chikmagalur, and the other in Kodagu on 23.01.2013 are sponsored

(सीओबीएसईटीआई) बैंक द्वारा प्रायोजित एक प्रशिक्षण संस्थान हैं जो चिकमगलूर और कोडगु जिलों के बेरोज़गार युवकों की व्यावसायिक प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करते हैं जहाँ बैंक को अग्रणी बैंक की जिम्मेदारी है। प्रशिक्षण निःशुल्क दिया जाता है और प्रशिक्षण अवधि के दौरान उम्मीदवारों को रहने एवं खाने की निःशुल्क व्यवस्था की जाती है। प्रशिक्षित युवकों को स्वनियोजन उद्यम स्थापित करने के लिए बैंकों से ऋण सुविधाएं प्राप्त करने में भी मदद दी जाती है। प्रारंभ से लेकर दोनों संस्थानों द्वारा 25,121 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया है। नियमित ईडीपी के अंतर्गत 9,831 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया जिसमें से 6,685 बस गए हैं, जो 68% सफलता की दर दर्शाता है। बैंक ने वर्ष के दौरान दोनों संस्थाओं में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए ₹25.25 लाख का व्यय किया है। कार्पोरेशन बैंक स्वनियोजन प्रशिक्षण संस्थान, चिकमगलूर को ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने वर्ष 2013 के लिए "एए" प्रशिक्षण संस्थान का दर्जा दिया है।

13.6 "ग्रामीण अभ्युदय वित्तीय साक्षरता और ऋण परामर्श न्यास" (जीएएफएलसीसी ट्रस्ट)

13.6.1 बैंक ने विभिन्न केन्द्रों में 'वित्तीय साक्षरता-सह-ऋण परामर्श केन्द्र' (एफएलसीसी) स्थापित करने के लिए "ग्रामीण अभ्युदय वित्तीय साक्षरता और ऋण परामर्श न्यास" (जीएएफएलसीसी ट्रस्ट) का प्रायोजन किया। ये केन्द्र ऐसे लोगों को अपनी आर्थिक आवश्यकताओं एवं सशक्तीकरण के लिए बैंक खाते की उपयोगिता के बारे में शिक्षित करते हैं जिन्होंने अभी तक बैंकिंग सेवाएं नहीं ली हैं। ये केन्द्र बीमा, बैंक में बचत और ऋण से संबंधित उत्पाद/सेवाओं आदि सहित वित्तीय पहलुओं के आधार पर उधारकर्ताओं को परामर्श भी देते हैं। 31.03.2014 तक की स्थिति के अनुसार जीएएफएलसीसी ट्रस्ट ने 4 ज़िला स्तरीय और 14 ब्लॉक स्तरीय एफएलसीसी केन्द्र स्थापित किए हैं।

13.6.2 बैंक ने वर्ष 2013-14 के दौरान उक्त ट्रस्ट की पूँजीगत और आवर्ती लागत तथा नए केन्द्रों की स्थापना हेतु ₹60.98 लाख प्रदान किया है। ट्रस्ट ने स्कूलों, कॉलेजों, अन्य संस्थाओं, स्वसहायता समूहों व अन्य स्थानों में 1,918 वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किए हैं जिनमें 1,21,456 व्यक्तियों ने भाग लिया। ट्रस्ट ने गाँवों में 4,421 व्यक्तियों को ऋण परामर्श भी दिया। इसके अलावा, 791 लोगों को मोबाइल फोन के ज़रिए परामर्श दिया।

14. राजभाषा का प्रगामी प्रयोग

14.1 बैंक, राजभाषा अधिनियम, 1963, राजभाषा नियम, 1976 तथा राजभाषा हिन्दी के कार्यान्वयन के संबंध में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करता है।

14.2 राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में वर्ष 2013-14 के दौरान बैंक का समग्र निष्पादन अच्छा रहा है और वित्त मंत्रालय ने इसकी सराहना की

by the Bank to cater to the training needs of the rural un-employed youth hailing from the districts of Chikmagalur and Kodagu, where the Bank has the Lead Bank responsibility. The training is imparted free of cost with free boarding and lodging, to the trainees. The trained youth are also assisted in getting credit facilities from banks to set up self-employment ventures. 25,121 candidates have been trained by both the institutes since inception. 9,831 candidates were trained under regular EDPs, of which 6,685 have settled indicating a success rate of 68%. The Bank has incurred an expenditure of ₹25.25 lakh during the year for conducting the training programmes at both the Institutes. COBSETI, Chikmagalur has been graded as "AA" Training Institute by the Ministry of Rural Development, Government of India for the year 2013.

13.6 "Gramina Abhyudaya Financial Literacy and Credit Counseling Trust" [GAFLCC Trust]

13.6.1 The Bank has sponsored "Gramina Abhyudaya Financial Literacy and Credit Counseling Trust" [GAFLCC Trust] for establishment of "Financial Literacy-cum-Credit Counseling Centres" [FLCCs] at various locations. These Centres educate people who are yet to avail the Banking services, about the usefulness of the Bank account for their economic needs and empowerment. The Centres also provide counseling for the borrowers on the basis of financial aspects including insurance, savings and credit related products/services in the Bank etc. As on 31.03.2014 GAFLCC Trust has established 4 District level and 14 Block level FLCC centers.

13.6.2 The Bank has provided ₹60.98 Lakh for meeting the capital and recurring cost of the Trust and for establishment of new centers, during the year 2013-14. The Trust has conducted 1,918 Financial Literacy Camps at schools, colleges, other institutions, SHGs and others, involving 1,21,456 persons. The trust has also conducted credit counseling to 4,421 persons in the villages. Further, 791 persons were counseled through mobile phone.

14. Progressive use of Official Language:

14.1 The Bank ensures compliance of the provisions of Official Languages Act, 1963, Official Languages Rules, 1976 and various directions with regard to Official Language issued from time-to-time by Department of Official Language, Ministry of Home Affairs, Financial Services Department, Ministry of Finance and the Reserve Bank of India.

14.2 The overall performance of the Bank in the field of official language implementation during the year 2013-14 has been very good and it has been lauded by the Ministry

है। स्टाफ सदस्यों के लाभार्थ हिन्दी कार्यशालाएं और प्रशिक्षण भी नियमित रूप से आयोजित किए गए।

14.3 बैंक, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), मंगलूर, बेलगाँव, विजयवाड़ा एवं नेल्लूर तथा दक्षिण स्थित सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों की राजभाषा समिति का संयोजक है। सदस्य संगठनों/बैंकों के स्टाफ सदस्यों के फायदे के लिए हर वर्ष विभिन्न कार्यकलाप किए जाते हैं।

14.4 उक्त वित्त वर्ष के दौरान संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उप-समिति ने बैंक के मुख्यालय का दौरा किया और राजभाषा कार्यान्वयन में बैंक द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। वर्ष के दौरान संयुक्त सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय और संयुक्त निदेशक (राजभाषा) ने भी राजभाषा कार्यान्वयन के संबंध में बैंक का निरीक्षण किया। मंत्रालय ने संतोष व्यक्त किया और राजभाषा कार्यान्वयन में बैंक द्वारा की गई पहल की सराहना की।

14.5 बैंक राजभाषा के रूप में हिन्दी को लोकप्रिय बनाने के लिए विभिन्न प्रकाशन प्रकाशित करता है। इनमें बैंक की तिमाही हिन्दी गृह पत्रिका "मंगला", नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की ओर से प्रकाशित की जाने वाली हिन्दी पत्रिका "त्रिधारा", दक्षिण स्थित सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की राजभाषा समिति की ओर से प्रकाशित की जाने वाली पत्रिका "भारत भारती" शामिल हैं।

14.6 बैंक के संयोजकत्व में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (टॉलिक) मंगलूर को क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (दक्षिण-पश्चिम), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार से वर्ष 2012-13 के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन में उत्कृष्टता हेतु शील्ड प्राप्त हुआ।

15. बैंक द्वारा प्रायोजित अनुषंगियों और अन्य इकाइयों का निष्पादन

15.1 **कार्प बैंक सिक्युरिटीज़ लिमिटेड:** बैंक की पूर्ण स्वामित्ववाली अनुषंगी कार्प बैंक सिक्युरिटीज़ (सीबीएसएल) ने वित्त वर्ष 2013-14 के दौरान ₹10.29 करोड़ की कुल आय, ₹9.96 करोड़ का कर पूर्व लाभ तथा ₹6.77 करोड़ का कर उपरांत लाभ (₹1.96 करोड़ के कर प्रावधान और ₹0.54 करोड़ की आस्थगित कर आस्ति के प्रत्यावर्तन और ₹0.69 करोड़ के मैट क्रेडिट समायोजन के लेखांकन के बाद) अर्जित किया है जबकि वित्त वर्ष 2012-13 हेतु ये आंकड़े क्रमशः ₹13.81 करोड़, ₹13.37 करोड़ और ₹8.57 करोड़ (2.66 करोड़ के कर प्रावधान और ₹4.22 करोड़ की आस्थगित कर आस्ति के प्रत्यावर्तन का लेखांकन किया जबकि उपलब्ध ₹2.07 करोड़ के मैट क्रेडिट वापस जोड़ा गया) थे। 31.3.2014 को प्रदत्त ईक्विटी शेयर पूंजी ₹75 करोड़ रही जबकि ₹7.50 करोड़ के अंतिम लाभांश तथा ₹1.27 करोड़ के लाभांश वितरण कर की अदायगी और अधिशेष के पुनर्निवेश के बाद निवल मालियत ₹109.81 करोड़ रही। मार्च 2014 को समाप्त वित्त वर्ष हेतु प्रति शेयर अर्जन ₹0.90 रहा जबकि मार्च 2013 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए यह ₹1.14 था। कंपनी म्युचुअल

of Finance. Hindi workshops and training programmes were conducted on a regular basis for the benefit of staff members.

14.3 The Bank is the convenor of Town Official Language Implementation Committee (TOLIC), Mangalore, Belgaum, Vijayawada and Nellore as well as that of the Official Language Committee of South Based Public Sector Banks. Various activities are conducted every year for the benefit of staff members of member organisations/ banks.

14.4 During the Financial Year, the Third Sub-Committee of the Committee of Parliament on Official Language visited the Bank's Headquarters and appreciated the efforts being made by the Bank in official language Implementation. The Joint Secretary, Department of Financial Services, Ministry of Finance and Joint Director (OL) also inspected the Bank with regard to official language implementation during the year. The Ministry expressed its satisfaction and appreciated the Bank for initiatives taken for OL implementation.

14.5 The Bank is bringing out various publications for popularizing Hindi as the Official Language. These include "Mangala" – quarterly Hindi house-journal of the Bank, "Tridhara"– Hindi Journal published on behalf of TOLIC, Mangalore and "Bharat Bharati"- Hindi journal published on behalf of Official Language Committee of South Based Public Sector Banks.

14.6 The Town Official Language Implementation Committee (TOLIC), Mangalore under the convenership of the Bank secured shield from the Regional Implementation Office (South-West), Department of Official Language, Ministry of Home Affairs, Government of India for excellence in performance during the year 2012-13.

15. Performance of Subsidiaries and other units sponsored by the Bank

15.1 **Corp Bank Securities Limited**: The Bank's wholly owned subsidiary, Corp Bank Securities Limited (CBSL) has earned a total income of ₹10.29 crore, posted Profit Before Tax of ₹9.96 crore and Profit After Tax of ₹6.77 crore (after accounting for tax provision of ₹1.96 crore, reversal of deferred tax asset of ₹0.54 crore and MAT credit set off of ₹ 0.69 crore) for FY 2013-14, while the corresponding figures for FY 2012-13 were ₹13.81 crore, ₹13.37 crore and ₹8.57 crore respectively (after accounting of tax provision of ₹2.66 crore, reversal of deferred tax asset of ₹4.22 crore while ₹2.07 crore being MAT credit available was added back). The Paid up Equity Share Capital remained at ₹75 crore as on 31.3.2014 while the Net worth stood at ₹109.81 crore, after providing for ₹7.50 crore towards proposed final dividend and ₹1.27 crore as dividend distribution tax thereon, with the plough back of surplus. The Earning per Share for fiscal ended March, 2014 was ₹0.90 while it was ₹1.14 for the fiscal ended March, 2013. The

फंड उत्पादों के वितरण और जमा प्रमाणपत्रों, ट्रेशरी बिलों आदि जैसी अनुमोदित प्रतिभूतियों की ट्रेडिंग जैसे क्रियाकलाप जारी रखी हुई है। कंपनी को ईक्विटी ब्रोकिंग कारोबार शुरू करने के लिए आवश्यक विनियामक अनुमोदन और कनेक्टिविटी प्राप्त हुई है और उक्त कारोबार को सक्रिय करने की प्रक्रिया में है।

16. निदेशक मंडल की संरचना

16.1 31 मार्च, 2014 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक के निदेशक मंडल में निम्नलिखित परिवर्तन हुए हैं।

16.2 श्री एस. आर. बंसल को केन्द्र सरकार ने बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया और उन्होंने 5 अक्तूबर, 2013 को कार्यभार ग्रहण किया।

16.3 सुश्री एना रॉय को केन्द्र सरकार ने बैंक के निदेशक मंडल में सरकार नामिती निदेशक के रूप में नियुक्त किया और उन्होंने 23 मई, 2013 से कार्यभार ग्रहण किया। दिनांक 16.04.2014 से सुश्री एना रॉय के स्थान पर श्री मनीष गुप्ता को केन्द्र सरकार ने बैंक के निदेशक मंडल में सरकार नामिती निदेशक के रूप में नियुक्त किया है।

16.4 श्री एकनाथ बालिगा को केन्द्र सरकार ने अधिकारी कर्मचारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया और उन्होंने 17.10.2013 से कार्यभार ग्रहण किया।

16.5 श्री बोनम वेंकट भास्कर को केन्द्र सरकार ने बैंक के निदेशक मंडल में अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक के रूप में नामांकित किया और उन्होंने 4 नवंबर, 2013 से कार्यभार ग्रहण किया।

16.6 श्री आदीश कुमार जैन को केन्द्र सरकार ने बैंक के निदेशक मंडल में अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक के रूप में नामांकित किया और उन्होंने 26.12.2013 से कार्यभार ग्रहण किया।

16.7 उक्त अवधि के दौरान निदेशक मंडल के निम्नलिखित सदस्य निदेशक मंडल से सेवानिवृत्त हुए:

- सुश्री एना रॉय सरकार नामिती निदेशक के रूप में 15.04.2014 को सेवानिवृत्त हुईं।
- श्री अजय कुमार 30.06.2013 को अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में सेवानिवृत्त हुए।
- श्री ललित किशोर मीणा 23.05.2013 को सरकार नामिती निदेशक के रूप में सेवानिवृत्त हुए।
- श्री कौशिक कुमार घोष ने 15.04.2013 को अधिकारी कर्मचारी निदेशक के रूप में अपना कार्यकाल पूरा किया।

16.8 निदेशक मंडल, बोर्ड/बोर्ड की समितियों की बैठकों में विचार-विमर्श के दौरान तथा बैंक के निदेशक के पद पर रहते हुए अपने कार्यकाल के दौरान बैंक के व्यापार संचालन में श्री अजय कुमार, श्री ललित किशोर मीणा, सुश्री एना रॉय और श्री कौशिक कुमार घोष से प्राप्त मार्गदर्शन एवं विवेकपूर्ण परामर्श की सराहना अभिलिखित करता है।

17. निदेशकों के दायित्व विवरण

निदेशक पुष्टि करते हैं कि 31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष के वार्षिक लेखों की तैयारी में:-

Company continues to pursue its activity of distribution of Mutual Fund Products and trading in approved Securities like Certificate of Deposits, Treasury Bills etc. The Company has secured requisite regulatory approvals for commencement of equity broking business and the connectivity and is taking forward to activate the business.

16. Constitution of Board of Directors

16.1 The following changes have taken place in the Board of Directors of the Bank during the financial year ended 31st March, 2014.

16.2 Shri S. R. Bansal was appointed as the Chairman and Managing Director of the Bank by the Central Government and he assumed office on 5th October, 2013.

16.3 Ms. Anna Roy was appointed by the Central Government as Government Nominee Director on the Board of the Bank and she assumed office with effect from 23rd May, 2013. With effect from 16.04.2014, Shri Manish Gupta has been appointed by the Central Government as Government Nominee Director on the Board of the Bank, replacing Ms. Anna Roy.

16.4 Shri Ekanath Baliga was appointed by the Central Government as Officer employee Director and he assumed office with effect from 17.10.2013.

16.5 Shri Bonam Venkata Bhaskar was nominated by the Central Government as Part time Non-official Director on the Board of the Bank and he assumed office with effect from 4th November, 2013.

16.6 Shri Adish Kumar Jain was nominated by the Central Government as Part time Non-official Director on the Board of the Bank and he assumed office with effect from 26.12.2013.

16.7 The following members retired from the Board of the Bank during the period:

- Ms. Anna Roy retired as Government Nominee Director on 15.04.2014.
- Shri Ajai Kumar retired as Chairman and Managing Director on 30.06.2013.
- Shri Lalit Kishore Meena retired as Government Nominee Director on 23.05.2013.
- Shri Kaushik Kumar Ghosh completed his term as Officer Employee Director on 15.04.2013.

16.8 The Board places on record its appreciation for the guidance and counsel received from Shri Ajai Kumar, Shri Lalit Kishore Meena, Ms. Anna Roy and Shri Kaushik Kumar Ghosh, during deliberations of the Board/Committees of the Board and also in the conduct of the Bank's business during their tenure of office as Directors of the Bank.

17. Directors' Responsibility Statements

The Directors confirm that in the preparation of the Annual Accounts for the year ended 31st March, 2014:-

17.1 महत्त्वपूर्ण विचलन, यदि कोई है, के संदर्भ में उचित स्पष्टीकरण के साथ लागू लेखांकन मानकों का पालन किया गया है।

17.2 लेखा नीतियों का चयन करके उन्हें सतत रूप से लागू किया गया तथा ऐसे अनुमान और प्राक्कलन किए गए जो युक्तिसंगत और विवेकसम्मत हैं कि वे वित्त वर्ष के अंत में बैंक की स्थिति और उक्त अवधि के लिए बैंक के लाभ और हानि की वास्तविक एवं सही तस्वीर दें। लेखा नीतियों में कोई परिवर्तन किया हो तो उसका उचित प्रकटन किया गया है।

17.3 बैंक की आस्तियों को सुरक्षित रखने तथा कपट एवं अन्य अनियमितताओं को रोकने और पता लगाने हेतु इस अधिनियम के संबंधित प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखा अभिलेखों को रखने के लिए उचित एवं पर्याप्त सावधानी बरती गई।

17.4 वार्षिक लेखे सतत संस्था आधार पर तैयार किए गए थे।

17.5 बैंक द्वारा अनुपालन करने के लिए आंतरिक वित्तीय नियंत्रण निर्धारित किए गए थे और यह कि ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त थे और कारगर रूप से काम कर रहे थे।

17.6 सभी लागू विधियों के प्रावधानों के साथ अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणालियाँ निर्धारित की गई थीं और ऐसी प्रणालियाँ पर्याप्त थीं और कारगर रूप से काम कर रही थीं।

18. आभार

18.1 बैंक के शेयरधारकों, प्रतिष्ठित ग्राहकों, शुभचिंतकों, शेयर अंतरण एजेंट और भारत तथा भारत के बाहर के प्रतिनिधियों को उनकी सद्भावना, संरक्षण तथा हार्दिक सहयोग हेतु निदेशकगण धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।

18.2 भारत सरकार, कर्नाटक सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी), बीएसई, एनएसई, एनएसडीएल, सीडीएसएल, विभिन्न राज्य सरकारों, वित्तीय संस्थाओं और बैंक के सांविधिक केन्द्रीय लेखा परीक्षकों से बैंक परिचालन में प्राप्त बहुमूल्य एवं समयोचित परामर्श, मार्गदर्शन और सहयोग के लिए, निदेशकगण कृतज्ञतापूर्वक आभार ज्ञापित करते हैं।

18.3 निदेशकगण, सभी स्तरों के स्टाफ सदस्यों को भी धन्यवाद ज्ञापित करते हैं, जिन्होंने वर्ष के दौरान बैंक की चहुँमुखी प्रगति से और ऊँचाइयाँ पाने के लिए योगदान दिया और आने वाले वर्षों में कार्पोरेट लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु उनकी सतत सहभागिता की आशा करते हैं।

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

स्थान : मंगलूर
दिनांक : 23.05.2014

(एस. आर. बंसल)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

17.1 The applicable Accounting Standards had been followed along with proper explanation relating to material departures, if any.

17.2 Accounting Policies had been selected and applied them consistently and made judgments and estimates that are reasonable and prudent so as to give a true and fair view of the state of affairs of the Bank at the end of the financial year and of the profit and loss of the Bank for that period. Any change in the Accounting policies, are properly disclosed.

17.3 Proper and sufficient care was taken for the maintenance of adequate Accounting Records in accordance with the provisions of the relevant Acts for safeguarding the assets of the bank and for preventing and detecting fraud and other irregularities.

17.4 The Annual Accounts were prepared on a going concern basis.

17.5 Internal financial controls had been laid down to be followed by the Bank and that such internal financial controls are adequate and were operating effectively.

17.6 Proper systems were in place to ensure compliance with the provisions of all applicable laws and that such systems were adequate and operating effectively.

18. Acknowledgements

18.1 The Directors thank the shareholders, valued customers, well-wishers, Share Transfer Agent and correspondents of the Bank in India and abroad for their goodwill, patronage and support.

18.2 The Directors acknowledge with gratitude the valuable and timely advice, guidance and support received from Government of India, Government of Karnataka, Reserve Bank of India, Securities and Exchange Board of India (SEBI), BSE, NSE, NSDL, CDSL, various State Governments, Financial Institutions and the Statutory Central Auditors of the Bank, in the functioning of the Bank.

18.3 The Directors place on record their deep appreciation of the valuable contribution of the members of the staff at all levels for the progress of the Bank during the year and look forward to their continued co-operation in realisation of the corporate goals of the Bank in the years ahead.

For and on behalf of the Board of Directors

Place : Mangalore
Date : 23.05.2014

(S. R. Bansal)
Chairman & Managing Director

प्रबंधन विवेचन और विश्लेषण
MANAGEMENT DISCUSSION AND ANALYSIS

1. मौद्रिक और ऋण नीति 2013-14

1.1 वर्ष 2013-14 हेतु वार्षिक मौद्रिक नीति एक ऐसे वातावरण में तैयार की गई थी जिसमें विश्व अर्थव्यवस्था में स्थिरीकरण के प्रारंभिक संकेत और घरेलू अर्थव्यवस्था में, मामूली ही सही, सुधार के आसार नज़र आ रहे थे।

1.2 इस पृष्ठभूमि में, मौद्रिक नीति का रुख इन चिंताओं पर केन्द्रित था:

- वृद्धि पर हावी जोखिमों के निराकरण पर ध्यान जारी रखना।
- मुद्रास्फीति के दबावों के पुनः उभरने तथा मुद्रास्फीति अनुमानों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करने के जोखिमों के विरुद्ध सतर्क रहना।
- अर्थव्यवस्था के उत्पादक क्षेत्रों को पर्याप्त ऋण प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए तरलता का समुचित रूप से प्रबंधन करना।

1.3 भारतीय रिज़र्व बैंक को यह उम्मीद थी कि पिछले वर्ष की तुलना में वित्त वर्ष 14 में आर्थिक गतिविधि में मामूली सुधार होगा। इस धारणा के आधार पर देश की अर्थव्यवस्था में 2013-14 के दौरान 5.7% की वृद्धि होने का अनुमान था। घरेलू माँग-आपूर्ति संतुलन, विश्व पण्य कीमतों का रुझान और सामान्य मानसून के पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए यह उम्मीद थी कि 2013-14 के दौरान डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति लगभाग 5.5% के दायरे में रहेगी।

1.4 उपर्युक्त वृद्धि पूर्वानुमानों और भारतीय रिज़र्व बैंक की मुद्रास्फीति सहन सीमा के अनुरूप नीतिगत प्रयोजनों के लिए 2013-14 हेतु एम3 की वृद्धि 13.0% स्तर पर पूर्वानुमानित की गई थी। परिणामस्वरूप, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की जमाराशियों में 14.0% की वृद्धि होने का पूर्वानुमान था। निजी क्षेत्र की संसाधन अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के खाद्येतर ऋण में 15.0% की वृद्धि का पूर्वानुमान था।

1.5 उक्त आकलन के आधार पर रिज़र्व बैंक ने चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के अंतर्गत रेपो दर को 7.5% से 7.25% तक 25 आधार अंक से घटाने का निर्णय किया। एलएएफ के अंतर्गत रिवर्स रेपो दर, जो रेपो दर से 100 आधार अंक कम स्तर पर निर्धारित की जाती है, स्वतः 6.25% के स्तर पर समायोजित हुई। मार्जिनल स्टैंडिंग फेसिलिटी (एमएसएफ) दर, जिसका निर्धारण रेपो दर से 100 आधार अंक ऊपर होता है, 8.25% स्तर पर समायोजित हुई।

1.6 प्रस्तावित कुछ अन्य महत्वपूर्ण विनियामक और विकासोन्मुख उपाय निम्नानुसार थे:

- बैंकों के लिए सांविधिक चलनिधि अनुपात (एसएलआर) संविभाग में परिपक्वता-तक-धारित (एचटीएम) प्रवर्ग बाँडों को रखने की अपेक्षा को वर्तमान 25% से 23% तक घटाना।
- प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र वर्गीकरण हेतु सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों की ऋण सीमाओं में वृद्धि करना।
- सरकार के प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना का सुचारू कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए बैंक रहित ग्रामीण केन्द्रों में त्वरित शाखा विस्तार।

1. Monetary and Credit Policy 2013-14

1.1 The Annual Policy for 2013-14 was formulated in an environment of incipient signs of stabilization in the global economy and prospects of a turnaround, albeit modest, in the domestic economy.

1.2 Against this backdrop, the stance of monetary policy was intended to:

- Continue to address the accentuated risks to growth.
- Guard against the risks of inflation pressures re-emerging and adversely impacting inflation expectations.
- Appropriately manage liquidity to ensure adequate credit flow to the productive sectors of the economy.

1.3 The RBI expected a modest improvement in economic activity in FY14 compared to previous year. Based on this assumption, the country's economic growth was projected to grow at 5.7% in 2013-14. Keeping in view the domestic demand-supply balance, the outlook for global commodity prices and the forecast of a normal monsoon, WPI inflation was expected to be range-bound around 5.5% during 2013-14.

1.4 Consistent with the above growth projections and the RBI's inflation tolerance threshold, M3 growth for 2013-14 was projected at 13.0% for policy purposes. Consequently, aggregate deposits of SCBs were projected to grow by 14.0%. Keeping in view the resource requirements of the private sector, the growth in non-food credit of SCBs was projected at 15.0%.

1.5 On the basis of the assessment, the Reserve Bank decided to reduce the policy repo rate under the liquidity adjustment facility (LAF) by 25 basis points from 7.5% to 7.25%. The reverse repo rate under the LAF, determined with a spread of 100 basis points (bps) below the repo rate, automatically adjusted to 6.25%. The Marginal Standing Facility (MSF) rate, determined with a spread of 100 bps above the repo rate, adjusted to 8.25%.

1.6 Some other important regulatory and developmental measures proposed were as follows:

- Reduce the requirement of holding held-to-maturity (HTM) category bonds in the statutory liquidity ratio (SLR) portfolio for the banks to 23% from the existing 25%.
- Enhanced the loan limits to micro and small enterprises for priority sector classification.
- Speedier branch expansion in unbanked rural centers for ensuring seamless roll out of Direct Benefit Transfer Scheme of the Government.

- महापात्र समिति की सिफारिशों के आधार पर बैंकों और वित्तीय संस्थाओं द्वारा अग्रिमों की पुनर्संरचना संबंधी विवेकपूर्ण दिशानिर्देशों को अंतिम रूप देना।
- कार्पोरेटों की बचाव-व्यवस्था रहित फॉरेक्स एक्सपोज़र स्थितियों के कारण कार्पोरेटों को बैंकों के एक्सपोज़र पर जोखिम भार पर प्रावधान अपेक्षाओं में वृद्धि की।
- महानगरीय क्षेत्रों में सभी ज़िलों को अग्रणी बैंक योजना के अंतर्गत लाना।
- विलंब को कम करने और प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए बैंकों और वित्तीय संस्थाओं के साथ निर्यातकों के आदान-प्रदान को सुधारना।
- एक्सचेंजों में खरीदे-बेचे जा रहे करेंसी फ्यूचरों का घरेलू एक्सचेंजों में उपयोग करते हुए अपने करेंसी जोखिम को हेज करने के लिए विदेशी संस्थागत निवेशकों को अनुमति देना।
- भुगतान प्रणाली संरचना का अंग बनने के लिए बैंकेतर प्राधिकृत संस्थाओं को अनुमति देना।
- बैंकों द्वारा परेषण आधार पर स्वर्ण के आयात केवल स्वर्ण आभूषणों के निर्यातकों की वास्तविक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सीमित रखना।
- श्वेत लेबल पीओएस पर चर्चा पत्र तैयार करना और टिप्पणियों के लिए इसे पब्लिक डोमेन पर रखना।
- एक समान, निष्पक्ष और पारदर्शी कीमत निर्धारण नीति अपनाना और मूल शाखा और गैर-मूल शाखाओं के ग्राहकों के बीच भेदभाव न करना और यह सुनिश्चित करना कि बैंक ग्राहकों के साथ निष्पक्ष रूप से बिना किसी भेदभाव के व्यवहार किया जाता है।

2. 2013-14 में समष्टि-आर्थिक परिदृश्य

2.1 केंद्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (सीएसओ) के अग्रिम प्राक्कलनों के अनुसार, भारत की जीडीपी वृद्धि, वित्तीय वर्ष 2014 में 4.9% रहने की उम्मीद है, जो पिछले वर्ष की 4.5% की वृद्धि दर की तुलना में कुछ बेहतर वृद्धि है। इसका मुख्य कारण कृषि एवं सहबद्ध क्षेत्रों में बेहतर निष्पादन है। 2013-14 में 4.6% की औसत वृद्धि के साथ पहली, दूसरी और तीसरी तिमाहियों में जीडीपी वृद्धि क्रमशः 4.4%, 4.8% और 4.7% रही।

2.2 अग्रिम प्राक्कलन के अनुसार, कृषि क्षेत्र में वृद्धि, 2012-13 के 1.4% की तुलना में 2013-14 में 4.6% रहने की संभावना है। दूसरी ओर, विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि पिछले वर्ष के 1.1% की तुलना में वित्त वर्ष 2014 में -0.2% घटने की संभावना है। खनन और उत्खनन में वृद्धि एक वर्ष पूर्व -1.9% रहने की संभावना है, जबकि एक वर्ष पहले यह -2.2% सिकुड़ गई थी। वित्त, बीमा, स्थावर संपदा सहित सेवा क्षेत्रों और कारोबार सेवा क्षेत्रों में वित्तीय वर्ष 2013 के 6.2% के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2014 में 6.3% तक वृद्धि होने की संभावना है।

2.3 औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में, 2012-13 की 1.1% वृद्धि की तुलना में 2013-14 के दौरान 0.1% की नकारात्मक वृद्धि देखी गई। उपयोग आधारित वर्गीकरण के अनुसार, बुनियादी माल, पूंजीगत माल और मध्यवर्ती माल में 2013-14 के दौरान क्रमशः 2.0%, -3.7%

- Finalized the prudential guidelines on restructuring of advances by banks and financial institutions based on the Mahapatra Committee recommendations.
- Increased the risk weights and provisioning requirements on banks' exposure to corporates on account of corporates' unhedged forex exposure positions.
- Bring all districts in metropolitan areas under the fold of the Lead Bank Scheme.
- Improve the interface of exporters with banks and financial institutions to cut delays and streamline procedures.
- To allow FIIs to hedge their currency risk by using exchange traded currency futures in the domestic exchanges.
- Allow non-bank authorized entities to be part of the payment system infrastructure.
- Restrict the import of gold on consignment basis by banks only to meet the genuine needs of exporters of gold jewellery.
- Prepare a discussion paper on White Label POS and place it in the public domain for comments.
- Follow a uniform, fair and transparent pricing policy and not discriminate between their customers at home branch and non-home branches with a view to ensure that bank customers are treated fairly and reasonably without any discrimination.

2. Macro-Economic Scenario in 2013-14

2.1 As per the advance estimate of the CSO, India's GDP growth was expected to moderate to 4.9% in FY14, a slightly better growth compared to previous year's growth rate of 4.5%, mainly on an improved performance in the agriculture and allied sectors. The GDP growth rate was 4.4%, 4.8% and 4.7% respectively in the first, second and third quarters of 2013-14 at an average of 4.6%.

2.2 As per advance estimates, the agricultural sector is likely to achieve a growth rate of 4.6% in 2013-14, compared to 1.4% 2012-13. On the other hand, manufacturing growth is expected to drop by -0.2% in FY14, from 1.1% in previous year. The growth in the mining and quarrying is likely to be at -1.9%, compared to contraction of -2.2% a year ago. The services sector including finance, insurance, real estate and business services sectors is likely to show growth of 6.3% in FY14, against 6.2% in FY 13.

2.3 The index of industrial production (IIP) showed a negative growth of 0.1% during 2013-14 compared with 1.1% growth in the 2012-13. As per the use based classification, the cumulative growth during 2013-14 for basic goods, capital goods and intermediate goods stood at 2.0%, -3.7% and 3.0% respectively. The consumer durables and consumer non-durables

और 3.0% की संचयी वृद्धि रही। टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं और गैर-टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं में क्रमशः -12.2% और 5.2% की वृद्धि दर्ज की गई जिससे उपभोक्ता वस्तुओं में समग्र वृद्धि -2.6% रही। सेक्टर-वार वर्गीकरण के अनुसार, पिछले वर्ष के मुकाबले 2013-14 में, खनन और विनिर्माण में क्रमशः -0.8% और -0.8% की गिरावट हुई, जबकि बिजली क्षेत्र में 6.1% की वृद्धि दर्ज हुई।

2.4 थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) में आंकी गई मुद्रास्फीति, नवंबर 13 के 7.52% के उच्चतम स्तर और पिछले वर्ष की समरूपी अवधि के दौरान 5.65% की तुलना में मार्च 14 में 5.70% के 3 माह में उच्चतम स्तर पर थी। खाद्य मुद्रास्फीति (जिसका डब्ल्यूपीआई बास्केट में 14.3% का भार है) पिछले माह की 8.12% से मार्च 14 में 9.90% तक बढ़ी। दूसरी ओर, कोर मुद्रास्फीति फरवरी 14 के 3.20% के मुकाबले मार्च 14 में 12 महीनों में उच्चतम स्तर 3.50% तक बढ़ गई। 2013-14 में औसत थोक मूल्य मुद्रास्फीति पिछले वर्ष में देखी गई 7.36% की तुलना में 5.91% के स्तर पर रही। सीपीआई पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति पूर्व माह के 8.03% से मार्च 14 में 8.31% तक बढ़ गई। कोर सीपीआई मुद्रास्फीति जिसमें खाद्य व ईंधन शामिल नहीं हैं, फरवरी 14 के 7.84% की तुलना में मार्च 14 में 7.82% के कम स्तर पर रही। 2013-14 में औसत खुदरा मुद्रास्फीति पिछले वर्ष देखी गई 10.18% की तुलना में 9.49% के कम स्तर पर रही।

2.5 अप्रैल-मार्च 2013-14 के लिए भारत के निर्यातों का संचयी मूल्य, पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 3.98% की वृद्धि अंकित करते हुए $300.40 बिलियन के मुकाबले $312.36 बिलियन डॉलर पर बना रहा। आयातों का मूल्य, जो पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान 8.11% की नकारात्मक वृद्धि अंकित करते हुए $490.74 बिलियन के स्तर पर था, अप्रैल-मार्च, 2013-14 की अवधि के लिए $450.95 बिलियन रहा। अप्रैल-मार्च, 2013-14 के लिए व्यापार घाटा, $138.59 बिलियन होने का अनुमान है जो अप्रैल-मार्च, 2012-13 के $190.34 बिलियन के घाटे से कम है। भारत का चालू खाता घाटा (सीएडी), 2013-14 की तीसरी तिमाही में जीडीपी के 0.9% के रिकॉर्ड कम स्तर तक पहुंचा। पहली तीन तिमाहियों के लिए औसत सीएडी स्तर जीडीपी का करीब 2.3% है और प्रारंभिक प्राक्कलन के अनुसार यह स्तर, साल भर जीडीपी के करीब 2% पर बने रहने की संभावना है। यह स्तर, वित्त वर्ष 2013 में जीडीपी के 4.8% के रिकॉर्ड सीएडी स्तर से कम है।

2.6 वर्ष 2013-14 के दौरान प्रभावी राजस्व घाटे को छोड़कर सभी मुख्य घाटे समग्र रूप से बजट अनुमानों (बीई) की तुलना में संशोधित अनुमानों में कम रहे। जीडीपी के अनुसार जबकि 3.3% का राजस्व घाटा बजट अनुमान की तुलना में अपरिवर्तित रहा, सकल राजकोषीय घाटा (जीएफडी) और प्राथमिक घाटा (पीडी) क्रमशः 4.6% और 1.3% के स्तर पर थे, इनमें प्रत्येक में 0.2% कम स्तर पर थे। वर्ष 2014-15 के दौरान जीएफडी-जीडीपी अनुपात में 4.1% तक 0.5% की कमी होने का अनुमान है।

2.7 2013-14 के दौरान, देश की विदेशी मुद्रा आरक्षित निधियाँ यूएस $11.62 बिलियन बढ़कर 28 मार्च, 2014 को, यूएस $303.7 बिलियन के स्तर पर रही। रुपए की गिरावट पर रोक लगाने और घटती विदेशी मुद्रा आरक्षित निधियों में वृद्धि करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक ने 4 सितंबर, 2013 को दो रियायती स्वैप सुविधाओं की घोषणा की जिसके अंतर्गत बैंक, विदेशी मुद्रा

have recorded a growth of -12.2% and 5.2% respectively, with an overall growth in consumer goods being -2.6%. As per the sector wise classification, mining and manufacturing decelerated to -0.8% and -0.8%, respectively, while electricity sector registered a growth of 6.1% in 2013-14 as against the preceding year.

2.4 Inflation as per WPI recorded a 3-month high of 5.70% in Mar'14 from as high as 7.52% in Nov'13 and 5.65% during the corresponding month of the previous year. Food inflation (which has a weight of 14.3% in the WPI basket) increased to 9.90% in Mar'14 from 8.12% in the previous month. On the other hand, core inflation increased to 12-month high of 3.50% in Mar'14 as against 3.20% in Feb'14. In 2013-14, the wholesale price inflation averaged 5.91%, lower than the 7.36% inflation seen in the preceding year. Retail inflation, based on CPI, increased to 8.31% in Mar'14 from 8.03% in the preceding month. Core CPI inflation, which excludes food and fuel, stood at 7.82% in Mar'14, lower than 7.84% in Feb'14. In 2013-14, the retail inflation averaged 9.49%, lower than the 10.18% inflation seen in the preceding year.

2.5 India's cumulative value of exports for the period Apr-Mar 2013-14 was $312.36 billion as against $300.40 billion, registering a growth of 3.98% over the same period last year. The value of imports for the period Apr-Mar 2013-14 was $450.95 billion as against $490.74 billion registering a negative growth of 8.11% over the same period last year. The trade deficit for Apr-Mar 2013-14 was estimated at $138.59 billion which was lower than the deficit of $190.34 billion during Apr-Mar. 2012-13. India's Current Account Deficit (CAD) reached a record low of 0.9% of GDP for Q3 of 2013-14. The average CAD level for the first three quarters is around 2.3% of GDP and as per the initial estimate it is likely to be around 2% of GDP for the whole year. This is lower than the record CAD level of 4.8% of GDP in FY 13.

2.6 All key deficits, with the exception of effective revenue deficit, have turned out to be lower in 2013-14 revised estimates (RE) than the budget estimates (BE), in absolute terms. In terms of GDP, while the revenue deficit of 3.3% remained unchanged from the BE, gross fiscal deficit (GFD) and primary deficit (PD) were lower by 0.2% points each, at 4.6% and 1.3% respectively. During 2014-15, the GFD-GDP ratio is budgeted to decline by 0.5% points to 4.1%.

2.7 During 2013-14, the country's foreign exchange reserves rose by US $11.62 billion and stood at US $303.7 billion as on 28th Mar'14. In order to arrest the slide in Rupee and to augment depleting forex reserves, RBI had announced two concessional swap facilities on 4th Sep'13, under which banks could swap dollars raised through foreign currency non-resident

अनिवासी (एफसीएनआर) जमाराशियों और विदेशी उधार के ज़रिए जुटाए गए डॉलरों को भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ स्वैप कर सकते हैं। सितंबर 13 से नवंबर 13 तक तीन माह की अवधि में आरक्षित निधियों में यूएस $16.5 बिलियन की वृद्धि हुई। दिसंबर 2013 से पोर्टफोलियो प्रवाह फिर से चालू होने से भारत की विदेशी मुद्रा आरक्षित निधियाँ 21 मार्च, 14 को यूएस $298.6 बिलियन तक पहुँच गईं, जो अगस्त 13 के अंत तक यूएस $28.2 बिलियन की वृद्धि दर्शाता है।

2.8 वित्त वर्ष 14 की तुलना में वित्त वर्ष 15 में आर्थिक वृद्धि अधिक होने की संभावना है। लेकिन स्थिति में सुधार की गति सामान्य हो सकती है। अवरुद्ध परियोजनाएं आंशिक रूप से बहाल होने और कारोबार और उपभोक्ता विश्वास में सुधार होने की वजह से निवेश क्रियाकलाप में तेज़ी आने के परिणामस्वरूप इस सुधार में मदद मिलने की उम्मीद है। उद्योग के लगातार कमज़ोर निष्पादन एल नीनो प्रभाव से कृषि के लिए जोखिम बढ़ जाने के कारण वृद्धि के लिए खतरा अब भी बना हुआ है। वित्त वर्ष 15 के लिए जीडीपी में वृद्धि हेतु विभिन्न एजेंसियों और वित्तीय संस्थाओं द्वारा पूर्वानुमान 5% से 6% के बीच है। जबकि भारतीय रिज़र्व बैंक ने वित्त वर्ष 15 में वृद्धि 5.5% के केन्द्रीय अनुमान तक घटने की आशंका जताते हुए 5% से 6% के बीच रहने का अनुमान लगाया है, वहीं नैशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकॉनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) और आईएमएफ के पूर्वानुमान क्रमशः 5.6% से 5.4% हैं।

3. 2013–14 में बैंकिंग प्रवृत्तियाँ

3.1 वृद्धि में मंदी बनी रहने, मुद्रास्फीति जारी रहने, बढते रहे अशोध्य ऋणों और ऋणों की परिणामी पुरर्संरचना के चलते 2013–14 के दौरान बैंकिंग उद्योग के निष्पादन के लिए कड़ी चुनौती का सामना करना पडा।

3.2 अर्थव्यवस्था में बढ़ते स्फीतिकारी दबाव को ध्यान में रखते हुए रिज़र्व बैंक ने 2013–14 के दौरान नीतिगत ब्याज दरों में 75 आधार अंकों की वृद्धि की। तदनुसार, रेपो और रिवर्स रेपो दर क्रमशः 8% और 7% तक बढ़ गई जबकि सीआरआर 4% के स्तर पर अपरिवर्तित रखा गया। 3 मई, 13 को प्रस्तुत वार्षिक मौद्रिक नीति 2013–14 में भा.रि.बैं. ने रेपो दर में 7.25% तक 25 आधार अंकों की कमी की थी और रिवर्स रेपो दर 6.25% तक समायोजित की गई थी। तदुपरांत 20 सितंबर, 2013 को मध्य तिमाही मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में 7.5% तक 25 आधार अंको की बढ़ोतरी की गई थी। उसे 29 अक्तूबर, 13 को दूसरी तिमाही की समीक्षा में 7.75% तक फिर से 25 आधार अंकों से बढ़ाया गया था। अंत में, 28 जनवरी, 14 को प्रस्तुत तीसरी तिमही समीक्षा में रेपो दर में 8% तक 25 आधार अंकों की वृद्धि की गई थी।

3.3 विनिमय बाज़ार दबावों के कारण, भा.रि.बैं. ने 2013–14 में असाधारण तरलता उपाय किए। 17 जुलाई, 13 से एमएसएफ दर को 10.25% तक 300 आधार अंकों से बढ़ाया गया। इसके अलावा, एलएएफ के अंतर्गत निधियों का समग्र आबंटन बैंकिंग प्रणाली की निवल माँग एवं मीयादी देयताओं (एनडीटीएल) के 1.0% तक सीमित रखा गया। 24 जुलाई, 13 को एलएएफ के अंतर्गत समग्र सीमा को फिर से एनडीटीएल के 0.5% तक घटाया गया। बैंकों के लिए यह भी अपेक्षित था कि वे अपेक्षा के 99% तक न्यूनतम दैनिक सीआरआर शेष रखें। लेकिन, विनिमय दर पर दबाव कम होने के साथ ही भा.रि.बैं. ने क्रमिक रूप से असाधारण उपायों को वापस लिया। तदनुसार, 21 सितंबर, 13 को शुरू हुए पक्ष से लेकर न्यूनतम

(FCNR) deposits and overseas borrowings with the RBI. Over the three-month period from Sep'13-Nov'13, reserves surged by $16.5 billion. With the revival of portfolio flows since December 2013, India's forex reserves reached US$ 298.6 billion as on 21st Mar'14, an accretion of US$ 28.2 billion over end-Aug'13.

19.5.2 जोखिम प्रबंधन एवं नियंत्रण के एक अंग के रूप में बैंक ब्याज दर संवेदनशीलता (गैप विश्लेषण), आस्तियों एवं देयताओं की परिपक्वता और तरलता का विश्लेषण करने के लिए आस्ति देयता प्रबंधन प्रणाली का इस्तेमाल कर रहा है। बैंक, तरलता का मापन स्टॉक एण्ड फ्लो दृष्टिकोण के उपयोग द्वारा किया जाता है इसके अलावा, ब्याज दर जोखिम प्रबंधन के लिए जोखिम पर अर्जन एवं अवधि जैसे मॉडल का इस्तेमाल किया जाता है। तिमाही आधार पर तरलता जोखिम तथा ब्याज दर जोखिम का दबाव परीक्षण किया जाता है। बैंक व्यापार बही में जोखिम मापने के लिए जोखिम पर मूल्य (वीएआर) लागू करता है। बैंक अपने एएलएम सॉफ्टवेयर का उन्नयन किया है और उक्त उन्नयन के अधीन अंतरण मूल्य मॉड्यूल का समांतर संचालन कर रहा है।

19.5.3 बैंक ने बाज़ार जोखिम प्रबंधन समिति/आस्ति देयता प्रबंधन समिति गठित की है जो ब्याज दर परिदृश्य, जमाराशियों एवं अग्रिमों हेतु उत्पाद मूल्य-निर्धारण, वृद्धिशील आस्तियों एवं देयताओं का वाँछित परिपक्वता प्रोफाइल, बैंक निधियों हेतु माँग, बैंक का नकद प्रवाह, लाभप्रदता आयोजना एवं समग्र तुलन पत्र प्रबंधन की समीक्षा हेतु नियमित अंतराल में बैठक करती है।

20. मानव संसाधन प्रबंधन

20.1 कारोबार संवृद्धि, शाखा नेटवर्क में विस्तार और एट्रीशन/सेवानिवृत्ति की अपेक्षाओं की पूर्ति हेतु बैंक ने वर्ष के दौरान सीधे बाज़ार से 2,925 कर्मचारियों की भर्ती की है। इनमें 2,080 सिंगल विंडो ऑपरेटर, 597 सहायक प्रबंधक और 248 विशेषज्ञ अधिकारी शामिल हैं। पिछले वर्ष के आखिरी दिन के 15,908 की तुलना में 31 मार्च, 2014 को कर्मचरियों की कुल संख्या 18,282 रही।

20.2 पिछले वर्ष के अंत में दर्ज ₹19.22 करोड़ की स्टाफ उत्पादकता और ₹9.68 लाख के प्रति कर्मचारी निवल लाभ के मुकाबले 31.03.2014 को ये क्रमशः ₹19.33 करोड़ और ₹3.29 लाख रहे।

20.3 बैंक विनिर्दिष्ट प्रवर्गों में रोज़गार हेतु आरक्षण संबंधी दिशानिर्देशों का अनुपालन करता रहा है। वर्ष के दौरान भर्ती किए गए 2,925 नए उम्मीदवारों में से 711 उम्मीदवार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति प्रवर्ग के हैं। कुल कर्मचारियों की संख्या में 31.03.2014 को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का प्रतिनिधित्व 4,949 (27.07%) है।

20.4 अन्य आरक्षित प्रवर्गों का भी बैंक में यथोचित प्रतिनिधित्व है। 31 मार्च, 2014 को 3,762 अन्य पिछड़े वर्ग के कर्मचारी, 373 शारीरिक रूप से विकलांग और 1,083 भूतपूर्व सैनिक बैंक की स्टाफ सूची में हैं।

19.5 Asset Liability Management (ALM)

19.5.1 The ALM function involves planning, directing and controlling the flow, level, mix, cost and yield of consolidated funds of the Bank. The primary objective of ALM is not to eliminate the risk, but to manage it in such a way that the volatility of net interest income is minimized.

19.5.2 As a part of Risk Management and control, the Bank is using ALM system for studying and analyzing the interest rate sensitivity (GAP Analysis), Maturity and Liquidity analysis of Assets and Liabilities. The bank is measuring the liquidity using the Stock and the Flow approach, further models like Earning at Risk and Duration are used for Interest rate risk management. Stress testing of liquidity risk and interest rate risk is conducted on quarterly basis. The Bank applies Value-at-Risk (VaR) to measure the risk in the Trading Book. The Bank has upgraded its ALM software and is conducting parallel run of Transfer Pricing Module under the said upgrade.

19.5.3 The Bank has constituted the Market Risk Management Committee/Asset Liability Management Committee which meets at regular intervals to review the interest rate scenario, product pricing for both deposits and advances, desired maturity profile of the incremental assets and liabilities, demand for Bank funds, cash flows of the Bank, profit planning and overall Balance Sheet Management.

20. Human Resources Management

20.1 To meet the requirements of Business Growth, Branch Network expansion and attrition/retirements, Bank has recruited 2,925 employees directly from the market during the year. This includes 2,080 Single Window Operators, 597 Assistant Managers and 248 Specialist Officers. The total staff strength stood at 18,282 as on 31st March, 2014 as compared to 15,908 as on last day of the previous year.

20.2 Staff productivity in the Bank as on 31.03.2014 stood at ₹19.33 crore and Net Profit per employee stood at ₹3.29 lakh as on 31.03.2014 as against ₹19.22 crore and ₹9.68 lakh, respectively, registered as at the end of the previous year.

20.3 The Bank has been following the guidelines for reservation in employment to specified categories. During the year, of the total 2,925 new recruitments, 711 candidates belonged to Scheduled Caste and Scheduled Tribe categories. The representation of Scheduled Caste/Scheduled Tribe employees in the total staff strength was 4,949 (27.07%) as on 31.03.2014.

20.4 The Bank has also a fair representation of other reserved categories. As on 31st March, 2014, 3,762 staff representing Other Backward Communities, 373 Physically Handicapped staff and 1,083 Ex-Servicemen were on the rolls of the Bank.

21. मानव संसाधन विकास एवं प्रशिक्षण

21.1 बैंक अपने कार्यबल को उद्योग में सबसे उत्पादक कार्यबलों में एक बनाने के लिए प्रशिक्षित करने और विकसित करने का प्रयास करता है। प्रतिस्पर्धा के युग में दक्षता एवं क्षमता निर्माण का काफी महत्व होता है और बैंक अपने कर्मचारियों को ज्ञान, कौशल और सही मनोवृत्ति के साथ सशक्त बनाने के लिए समर्पित है। प्रभाग ने वित्त वर्ष 2013-14 के दौरान 13,599 कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया है। कर्मचारियों को ऋण, फॉरेक्स, जोखिम प्रबंधन, मुद्रा प्रबंधन, मानव संसाधन प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न विशेषज्ञ क्षेत्रों में और सामान्य प्रबंधन अनुप्रयोग में प्रशिक्षित किया है। भारतीय रिज़र्व बैंक के निदेशों का अनुपालन करते हुए देश भर में मुद्रा संव्यवहार एवं प्रबंधन पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।

21.2 मेसर्स मणिपाल ग्लोबल एज्युकेशन, बेंगलूर, मेसर्स निट्टे इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग एण्ड फाइनेंस, मंगलूर और बैंकर्स कोश्यंट अकादमी, मुंबई के सहयोग से परिवीक्षाधीन सहायक प्रबंधकों के लिए अभिनवन कार्यक्रम आयोजित किए गए। बैंकर ग्रामीण विकास संस्था, मंगलूर/लखनऊ और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्था, हैदराबाद के सहयोग से कृषि क्षेत्र अधिकारियों के लिए अभिनवन कार्यक्रम आयोजित किए गए। ऋण प्रबंधकों, फॉरेक्स प्रबंधकों और विपणन अधिकारियों के लिए भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

21.3 बैंक के चार सौ अड़तालीस अधिकारियों/कार्यपालकों को अपने परिचालन क्षेत्र में गहन प्रशिक्षण पाने हेतु विभिन्न प्रतिष्ठित बाहरी प्रशिक्षण केन्द्रों में भेजा गया। इसके लिए चुने गए प्रशिक्षण केन्द्र हैं – एनआईबीएम, सीएबी, आरबीआई, आईडीआरबीटी, एनपीसीआई, सीआईआई, फिक्की, एनआईआरडी, बर्ड, एएससीआई, आईएमआई, आईआईबीएम-गुवाहाटी आदि।

21.4 प्रभाग ने वित्त वर्ष के दौरान 36 कार्यपालकों/अधिकारियों को वर्ष के दौरान विदेश में संगोष्ठियों/कार्यशालाओं/अध्ययन दौरों/प्रशिक्षणों में भाग लेने के लिए नामांकित किया।

21.5 वेतनमान V और उससे ऊपर के एक सौ अठहत्तर वरिष्ठ कार्यपालकों को विभिन्न संगठनों/संस्थाओं में परिचालन और प्रशासन से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में जानकारी दी गई।

21.6 वर्ष के दौरान बैंक ने अ.जा./अ.ज.जा. समुदाय के 3,554 कर्मचारियों और अ.पि.व. समुदाय के 3,138 कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया।

21.7 वर्तमान में 7 स्थानों पर बैंक की कर्मचारी प्रशिक्षण सुविधाएं हैं वित्त वर्ष के दौरान 7,278 कर्मचारियों को हमारे स्टाफ प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षित किया गया।

21.8 पदोन्नतियाँ

बैंक अपने कर्मचारियों को अपने करियर में आगे बढ़ने और बड़ी जिम्मेदारियों को संभालने के लिए इष्टतम अवसर प्रदान करता है। कर्मचारियों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए तथा साथ-साथ बैंक की मानवशक्ति अपेक्षाओं की पूर्ति हेतु बैंक में 'फास्ट ट्रैक चैनल' प्रक्रिया संस्थापित की गई है।

21. Human Resources Development & Training

21.1 Bank strives to groom and develop its workforce to make it one of the highly productive workforces of the industry. Competency and capacity building assumes great significance in the era of competition and the Bank is dedicated to empower its employees with knowledge, skills and right attitude. The division has trained 13,599 employees during the FY 2013-14. The employees have been trained in various areas of specialization like Credit, Forex, Risk Management, Currency Management, Human Resources Management, Information Technology as well as in General Management applications. Complying with the directives of Reserve Bank of India, special currency handling and management programmes were held across the country.

21.2 Induction programmes for the Probationary Assistant Managers were conducted in association with M/s Manipal Global Education, Bangalore, M/s Nitte Institute of Banking & Finance, Mangalore and Bankers' Quotient Academy, Mumbai. Induction programmes for Agricultural Field Officers were organised in association with Bankers Institute for Rural Development, Mangalore/Lucknow and National Institute for Rural Development, Hyderabad. Similar programmes were organised for Credit Managers, Forex Officers and Marketing Officers.

21.3 Four hundred forty eight Officers/Executives of the bank were nominated to various external training centres of repute for intensive training in their field of operation. The training centres identified for the purpose were - NIBM, CAB, RBI, IDRBT, NPCI, IIBF, CII, FICCI, NIRD, BIRD, ASCI, IMI, IIBM-Guwahati etc.

21.4 The division has nominated 36 Executives/Officers for attending Seminars/Workshops/Study Tours/Trainings abroad during the financial year.

21.5 One hundred and seventy eight Senior Executives in Scale V and above were imparted inputs on different areas related to operations and administration in different organizations/ institutions.

21.6 During the year, the bank has trained 3,554 employees belonging to SC/ST community and 3,138 employees belonging to OBC community.

21.7 At present, the Bank is having Staff Training facilities at 7 locations. During the financial year 7,278 employees were trained at our Staff Training Centres.

21.8 Promotions

The Bank provides optimum opportunities to its employees to rise up in their career and shoulder higher responsibilities. "Fast Track Promotion" processes have been institutionalized in the bank to meet the aspiration level of its employees, simultaneously catering to the manpower requirements of the bank.

वित्त वर्ष के दौरान अधिकारी संवर्ग में 330 रिक्त पदों को पदोन्नतियों द्वारा भरा गया है।

22. निरीक्षण एवं लेखा परीक्षा

22.1 सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार, बैंक ने जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा की नीति अपनाई है। जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा उचित जोखिम निर्धारण और आकलन, कारगर जोखिम नियंत्रण और प्रबंधन उपाय, नियंत्रण प्रणाली एवं प्रक्रिया तथा संसाधनों के इष्टतम उपयोग पर ध्यान केन्द्रित करती है। इसका लक्ष्य कार्पोरेट अभिशासन उद्देश्यों की प्राप्ति में सहायक होने के साथ-साथ विनियामक तथा प्रणालीगत अनुपालन स्तर के बारे में प्रबंधन वर्ग को आश्वासन देना है।

22.2 शाखाओं की आंतरिक लेखा-परीक्षा पर्याप्त और कारगर रूप से करने के लिए कतिपय लेख-परीक्षा कार्य को विकेन्द्रीकृत किया गया है और 12 आंचलिक लेखा-परीक्षा कार्यालयों (ज़ेडएओ) को प्रत्यायोजित किया गया है। देश भर में महत्वपूर्ण केन्द्रों में स्थित ये आंचलिक लेखा-परीक्षा कार्यालय वार्षिक लेखा-परीक्षा योजना के अनुसार लेखा-परीक्षा करते हैं और लेखा-परीक्षा रिपोर्टों को समाप्त करते हैं।

22.3 बैंक की सभी शाखाओं का आंतरिक निरीक्षण किया जाता है ताकि जोखिम पर अंकुश हो, कारगर नियंत्रण तंत्र हो और परिचालनों में दक्षता सुधरे। जोखिम अवबोध के आधार पर जोखिम आधारित आंतरिक शाखा निरीक्षण 9 से 18 महीनों में एक बार किया जाता है। शाखा निरीक्षण की आवधिकता ऐसे जोखिम अवबोध के आधार पर तय की जाती है। नई खोली गई शाखाओं का पहला निरीक्षण परिचालनों को शुरू करने के 6 से 9 महीनों के भीतर किया जाता है।

22.4 अभिनिर्धारित असाधारण रूप से बड़ी शाखाओं (ईएलबी)/काफी बड़ी शाखाओं (वीएलबी) और उच्च जोखिम श्रेणीकृत शाखाओं में दो नियमित निरीक्षणों के बीच जोखिम आधारित स्नैप लेखा-परीक्षा भी आयोजित की जाती है। अभिनिर्धारित शाखाओं/कार्यालयों में ज़रूरत पड़ने पर विशेष स्नैप ऑडिट भी किए जाते हैं। जिन अंचलों में शाखाएं खाता प्रसंस्करण केन्द्रों (एपीसी) से लिंक की गई हैं और दूसरे अंचलों में यादृच्छिक रूप से चुनी गई 5 शाखाओं में नए खोले गए खातों की तिमाही केवाईसी अनुपालन ऑडिट भी की जाती है।

22.5 प्रधान कार्यालय, मंडल कार्यालय और आंचलिक कार्यालयों के कार्यात्मक प्रभागों की प्रबंधन लेखा-परीक्षा वर्ष में एक बार की जाती है। अन्य कार्यालयों जैसे ट्रेज़री एवं निवेश विभाग, मुंबई, कार्प बैंक सिक्युरिटीज़, कैपिटल मार्केट सेंटर, चिकमगलूर में कॉबसेटी, एसटीसी, अग्रणी बैंक कार्यालय और सीएमएस कोर केन्द्र, एटीएम केन्द्र, एलआईसी क्रेडिट कार्ड केन्द्र आदि की भी वर्ष में एक बार नियमित निरीक्षण की जाती है। इसके अलावा, फॉरेक्स डीबी, कैप्स/मिनी कैप्स शाखाएं, करेंसी चेस्ट, सेवा शाखाएं, एआरएमबी, खुदरा हब, एलआईसी हब, एसएमईएलसी आदि का भी वार्षिक निरीक्षण किया जाता है।

22.6 भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार जोखिम अवबोध के अधार पर अभिनिर्धारित शाखाओं/कार्यालयों में नियमित संगामी लेखा-परीक्षा

During the financial year a total of 330 vacancies in officers' cadre were filled through promotions.

22. Inspection & Audit

22.1 As per the guidelines of the Government and RBI, the Bank has adopted the policy of risk based internal audit. Risk based internal audit lays focus on proper risk identification and assessment, effective risk containment and management measures, adequacy of control systems and procedures as well as optimum use of resources. It aims at giving an assurance to the Management on the level of regulatory and systemic compliance, besides assisting in accomplishment of corporate governance objectives.

22.2 In order to carry out internal audit of branches and follow up functions adequately and efficiently, certain audit functions have been decentralized and delegated to 12 Zonal Audit Offices (ZAOs). These ZAOs, located at important centers across the Country, conduct audit and close the audit reports in terms of the Annual Audit Plan.

22.3 All the Branches of the Bank are subjected to internal inspection so as to contain risk, have effective control mechanism and improve efficiency of operations. Risk based internal branch inspection is conducted once in 9 to 18 months depending upon the risk perception. The periodicity of branch inspection is decided based on such risk perceptions. Newly opened branches are subjected to first inspection within 6 to 9 months from the date of starting the operations.

22.4 Risk based snap audits are conducted at identified Extraordinarily Large Branches (ELBs)/Very Large Branches (VLBs) and high risk rated branches in between two regular inspections. Special Snap audits are also conducted at the identified Branches/Offices, as and when need arises for such audits. Quarterly KYC compliance audit of newly opened accounts is also conducted at the Account Processing Centres (APCs), in case of Zones where the branches are linked to APCs and at 5 randomly selected branches in other Zones.

22.5 Management Audit of functional Divisions at Head Office, Circle Offices and Zonal Offices are conducted once in a year. Other Offices such as Treasury & Investment Division, Mumbai, Corp Bank Securities, Capital Market Centre, COBSETI at Chikmagalur, STCs, Lead Bank Offices as also the CMS Core centres, ATM centres, LIC Credit Card Centre etc. are also subjected to regular inspection once in a year. Further, Forex DBs, CAPS/Mini Caps Branches, Currency Chests, Service Branches, ARMBs, Retail Hubs, LIC Hubs, SMELCs etc. are subjected to annual inspection.

22.6 In terms of RBI guidelines, Concurrent Audit is carried out at the Branches/Offices identified based on risk perception. During the year 2013-14, 324 branches covering 78% of total

की जाती है। 2013-14 के दौरान बैंक के कुल कारोबार का 78% संभालने वाली 324 शाखाओं की सनदी लेखाकारों की बाहरी फर्म की सेवाएं लेते हुए संगामी लेखा परीक्षा करवाई गई। 01.10.2013 से बैंक की सभी 16 सेवा शाखाओं को भी संगामी लेखा-परीक्षा के दायरे में लाया गया। इसके अतिरिक्त, आईबीआर, एफटीएस सेंटर, बेंगलूर, निवेश कक्ष, बहुमूल्य धातु कक्ष और फॉरैक्स कक्ष सहित मुंबई में ट्रेज़री एवं निवेश विभाग का नियमित निरीक्षण के अलावा संगामी लेखापरीक्षा की जाती है।

22.7 ईसी सहित सभी कारोबार इकाइयों की ऑफ-साइट सर्वेलेंस ऑडिट की जाती है। कंप्यूटरीकृत वातावरण में सुरक्षा और प्रक्रियागत जोखिमों को निर्धारित करने, हार्डवेयर, ऑपरेटिंग सिस्टम और एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर की सुरक्षा, कार्यक्षमता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने तथा डाटा की उपलब्धता, यथातथ्यता और गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए अभिनिर्धारित शाखाओं का ऑन-साइट शाखा सूचना सुरक्षा लेखा-परीक्षा (बीआईएसए) भी की गई है। कोर सेंटर, एफटीएस सेंटर, वेब सेंटर, ट्रेज़री एवं निवेश विभाग और डीआर साइट के महत्वपूर्ण संस्थापनों की सिस्टम ऑडिट तथा एटीएम वॉल्टों की ऑडिट और सेवा प्रदाता इकाइयों की ऑडिट हर छह महीने में की जाती है।

22.8 अभिनिर्धारित शाखाओं/कार्यालयों में कैलेंडर वर्ष में एक बार आय लेखापरीक्षा की जाती है।

22.9 निरीक्षण और लेखापरीक्षा में पाई जाने वाली सभी मुख्य कमियाँ निदेशक -मंडल की लेखा परीक्षा समिति के समक्ष जानकारी व उचित दिशानिर्देशों के लिए रखी जाती है।

23. विधि सेवा

बैंक के विधि सेवा प्रभाग की बैंक द्वारा किए गए विभिन्न वाणिज्यक क्रियाकलापों में महत्वपूर्ण भूमिका है। यह बहुविध कार्य करता रहा है जैसे अचल संपत्तियों के संबंध में कानूनी राय की संवीक्षा, बैंक गारंटियों/प्रति गारंटियों का मसौदा तैयार करना/अनुमोदन करना, बैंक गारंटियाँ लागू किए जाने के संबंध में सलाह देना, विभिन्न न्यायालयों/ट्रिब्युनलों/प्राधिकारियों के समक्ष दर्ज की जाने वाली शिकायतों और अन्य आवेदनों का मसौदा तैयार करना/अनुमोदन करना, विभिन्न उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय से संबंधित मामलों में परामर्श देना, बैंक के प्रधान कार्यालय के विभिन्न प्रभागों द्वारा संदर्भित समझौता ज्ञापनों/करारों का अनुमोदन करना, बैंक को प्राप्य राशियों की वसूली, सरफेसी अधिनियम 2002 एवं मुकदमा दायर खातों के संबंध में शाखाओं को परामर्श देना, विधिक लेखा-परीक्षा, दावों के निपटान, केन्द्रीय रजिस्ट्री (सीईआरएसएआई) के साथ ईएमजी के संबंध में प्रभार का सृजन, सूचना का अधिकार अधिनियम के संबंध में तथा आरटीआई के तहत नागरिकों से प्राप्त अपीलों को निपटाने में परामर्श देना, सरकारी स्थान (अप्राधिकृत अधिभोगियों की बेदखली) अधिनियम, 1971 से संबंधित कार्यवाहियों में परामर्श देना। विधि सेवा प्रभाग सिविल/आपराधिक न्यायालयों जैसे विभिन्न फोरमों के समक्ष बैंक के विरुद्ध शुरू की गई कानूनी कार्यवाहियों में बैंक के बचाव के लिए कारगर कदम उठाने, उपभोक्ता फोरमों/ अन्य सांविधिक प्राधिकारियों से संबंधित मामलों, आयकर, बिक्री कर व अन्य प्राधिकारियों से कुर्की आदेशों से संबंधित मामलों पर परामर्श देने की दिशा में भी कार्य करता रहा है। प्रभाग प्रलेखीकरण संबंधी विभिन्न पहलुओं पर और मैन्युअलों को

business of the Bank, were subjected to Concurrent Audit by engaging the services of external firm of Chartered Accountants. All the 16 Service Branches of the Bank have also been brought under the ambit of Concurrent Audit with effect from 01.10.2013. Further, identified HO functional Divisions like IBR, FTS Centre, Bangalore, Treasury and Investment Division at Mumbai including Investment Cell, Precious Metal Cell and Forex Cell, are also subjected to Concurrent Audit apart from regular inspection.

22.7 All Branches including Extension Counters are subjected to Off-Site Surveillance Audit. On Site Branch Information Security Audit (BISA) of identified branches is also carried out to identify security and processing risks in the computerized environment, evaluate related controls to ensure security, functionality and reliability of hardware, operating system and application software and to ensure data availability, integrity as well as confidentiality. Systems Audit of critical installations at Core Centre, FTS Centre, Web Centre, Treasury and Investment Division and DR Site as well as audit of ATM Vaults and audit of Service Provider Units is conducted every six months.

22.8 Income audit is carried out at identified Branches/Offices once in a year.

22.9 All important inspection and audit findings are placed before the Audit Committee of the Board for information and suitable directions.

23. Legal Services

Legal Services Division of the Bank plays a significant role in the various commercial activities undertaken by the Bank. It had been performing diversified activities such as Scrutiny of legal opinions regarding immovable properties, Drafting/ approval of Bank Guarantees/Counter Guarantees, Advising on invocation of Bank Guarantees, approval of Plaint and other applications to be filed before various Courts/Tribunals/ Authorities etc.; advising on the matters relating to various High Courts & Supreme Court, approval of MOUs/Agreements referred by various Divisions of the Head Office of the Bank; advising Branches regarding recovery of the dues of the Bank, action under SARFAESI Act 2002 & Suit filed Accounts, advising on Legal Audit, settlement of claims, creation of charge in respect of the EMG with Central Registry [CERSAI] and Advising on matters relating to RTI Act and disposal of Appeals received from Citizens under the RTI Act. Advising on matters relating to proceedings under Public Premises (Eviction of unauthorized Occupants) Act, 1971. Legal Services Division has also been taking effective steps in defending the Bank in legal proceedings initiated before various forums like Civil/ Criminal Courts, advising on the matters relating to Consumer Forums/other statutory authorities. Matters pertaining to orders of attachments from Income tax, Sales tax etc. Division

संशोधित करने/अद्यतन करने में संगठन एवं पद्धति प्रभाग को परामर्श भी देता है। प्रभाग विभिन्न कानूनी मामलों को संभालता है और शाखाओं/आंचलिक कार्यालयों/तथा प्रशासनिक कार्यालयों को कानूनी मार्गदर्शन/स्पष्टीकरण देता है। प्रभाग अधिवक्ताओं का पैनल बनाने/पैनल से निकालने/निष्पादन की समीक्षा करने का भी कार्य करता है।

24. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

24.1 बैंक ने सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अनुपालन में प्रधान कार्यालय में सहायक जन सूचना अधिकारी (एपीआईओ), जन सूचना अधिकारी (पीआईओ) और अपील प्राधिकारी (एए) नामित किए हैं और प्रत्येक आंचलिक कार्यालय और मंडल कार्यालय में जन सूचना अधिकारी और अपील प्राधिकारी नामित किए हैं। ग्राहक सेवा प्रभाग, प्रधान कार्यालय ने सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अपेक्षित अन्य संबंधित जानकारी के साथ एपीआईओ, पीआईओ और एए के नाम बैंक की वेबसाइट पर प्रदर्शित किए गए हैं। बैंक उक्त अधिनियम के प्रावधानों का सभी स्तरों पर अनुपालन कर रहा है और जनता से प्राप्त सभी आवेदनों और अपीलों को निर्धारित समयावधि के अंतर्गत निपटा रहा है।

25. सुरक्षा

25.1 बैंकों और वित्तीय संस्थाओं पर हमलों के विशेष संदर्भ में देश भर में चुनौतीपूर्ण कानून एवं व्यवस्था की पृष्ठभूमि में बैंक, सार्वजनिक आस्तियों, ग्राहकों, कर्मचारियों तथा बैंक की संपत्ति की सुरक्षा हेतु सजग, सतर्क तथा चिंतित है। बैंक ने फायर अलार्म, सुरक्षा अलार्म, एक्सेस नियंत्रण प्रणाली, सीसीटीवी तथा अपेक्षित स्थानों पर गार्डिंग जैसे भौतिक सुरक्षा उपायों के सख्त कार्यान्वयन के अतिरिक्त बल गुणक के रूप में प्रौद्योगिकी पर पूरी तरह निर्भर होकर सुरक्षा जोखिम रोकने/कम करने हेतु प्रगतिशील रुख अपनाया है। कार्यरत कर्मचारियों का सुरक्षा अधिकारियों के साथ बारंबार विचार विनिमय प्रचलित खतरों तथा उपायों से उन्हें अवगत कराने में सहायक घटक के रूप में अतिरिक्त आयाम देता है। बैंक सुरक्षा प्रबंधन क्षेत्र के अधुनातन विकास से अवगत है तथा उसका लक्ष्य ग्राहक को अधिकतम सुविधा प्रदान करने के एकमात्र उद्देश्य के साथ नए क्षेत्रों का पता लगाने हेतु प्रमुख मेट्रिक्सों का निरंतर अनावरण करना तथा नया मार्ग प्रशस्त करना है।

26. अनुपालन

26.1 बैंक ने उप महा प्रबंधक के स्तर के कार्यपालक के अधीन अनुपालन प्रभाग स्थापित किया गया है, जो भारतीय रिज़र्व बैंक के निदेशों के अनुसार बैंक के मुख्य अनुपालन अधिकारी (सीसीओ) के तौर पर प्रतिनिधित्व करते हैं।

बैंक का अनुपालन प्रभाग विभिन्न विधानों में दिए लागू सांविधिक प्रावधानों का सख्त अनुपालन, बैंकों को लागू नियमों एवं विनियमों का अनुपालन तथा आंतरिक नीतियों एवं उचित व्यवहार संहिताओं के अनुसरण सुनिश्चित करने के लिए आंतरिक नियंत्रण व संतुलन बनाए रखता है।

also advises O & M Division on various documentation aspects and revision/Updating of Manuals. The Division is handling various legal matters and offering legal guidance/clarifications to branches/Zonal Offices and Administrative Offices. Division is also handling Empanelment/deletion/Review of performance of Advocates.

24. The Right to Information Act, 2005

24.1 Bank in compliance of Right to Information Act, 2005, has designated Assistant Public Information Officer (APIO), Public Information Officer (PIO) and Appellate Authorities (AA) at Head Office and Public Information Officer and Appellate Authority at each Zonal Office and Circle Office. Name of APIO, PIO and AA are displayed in the Bank's Website with other relevant information as required under RTI Act by Customer Services Division, Head Office. Bank is complying with the provisions of the said Act at all levels and disposing of all the applications and appeals within the stipulated time.

25. Security

25.1 In the backdrop of challenging law and order situation across the country with specific reference to attack against banks and financial institutions, the Bank has been alert, conscious and concerned about the safety of public assets, customers, employees and bank's property. Bank has adopted forward posture in implementing measures to avoid/minimise security risk by leaning on technology as force multiplier in addition to installation of physical security measures like fire alarm, security alarm, access control system, CCTVs and guarding wherever required. Frequent interactive sessions with the employees manning the show windows by Security Officers adds additional dimension as contributing factor in sensitising them with prevalent threats and measures. Bank is abreast with latest development in the security management field aiming to constantly rediscover the key matrixes for breaking new grounds with the sole aim of providing utmost comfort to the customers.

26. Compliance

26.1 The Bank has a Compliance Division headed by an Executive of the Rank of Deputy General Manager who represents as the Chief Compliance Officer [CCO] of the Bank, as per the directions of the Reserve Bank of India.

The Compliance Division in the Bank maintains a system of internal checks and balances designed to ensure strict observance of applicable statutory provisions contained in various legislations, compliance with rules and regulations applicable to banks and adherence to internal policies and fair practices codes.

27. सतर्कता तंत्र

27.1 सार्वजनिक निधियों के अभिरक्षक के रूप में बैंक से ईमानदारी, निष्ठा, पारदर्शिता एवं सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानक की अपेक्षा होती है। बैंकिंग संगठन विशेष रूप से आपसी विश्वास तथा भरोसे के सिद्धांत पर कार्य करते हैं। आज के महत्वपूर्ण घटक हैं, "प्रभावशाली कर्मचारी नियोजन और संगठनात्मक वृद्धि"। सतर्कता, उत्पादकता और लाभप्रदता को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करने वाले रिसावों को रोकते हुए संगठन की दक्षता एवं प्रभावकारिता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण प्रबंधन साधन है। बेहतर स्पष्टता एवं प्रभावकारिता के लिए प्रत्येक कार्यात्मक प्रभाग की भूमिका एवं दायित्वों को भली-भाँति परिभाषित एवं प्रलेखित किया गया है। बैंक के सतर्कता कार्य दण्डात्मक कार्रवाई करने के बजाय मुख्यतः निवारक और खोज प्रकृति के हैं। सतर्कता तंत्र प्रहरी की भूमिका निभाता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी व्यक्तिगत लाभ या फायदा प्राप्त करने हेतु विनिर्धारित प्रणालियों एवं पद्धतियों में कोई छेड़छाड़ नहीं की जाती है। यह ओहदे और हैसियत का लिहाज़ किए बिना नैसर्गिक न्याय तथा अपराधी को दंडित करने के सिद्धांत में विश्वास रखता है।

27.2 जहाँ पद्धतियों एवं प्रणालियों के घोर उल्लंघन के प्रसंग की रिपोर्ट की जाती है या बैंक अधिकारियों के विरुद्ध ऐसी शिकायतें प्राप्त होती हैं जो संबंधित अधिकारी की ईमानदारी पर प्रश्न चिह्न लगाता है, वहाँ जाँच के आदेश दिए जाते हैं और जहाँ अपेक्षित है गलती करनेवाले अधिकारी के विरुद्ध दांडिक कार्रवाई सहित निवारक उपाय किए जाते हैं। एक अग्रसक्रिय उपाय के तौर पर सतर्कता प्रभाग निवारक जाँच करके पाए गए उल्लंघनों को रिपोर्ट करता है। वह यह सुझाव भी देता है कि सभी के एकजुट प्रयास से ऐसे उल्लंघनों से कैसे बचा जा सकता है।

27.3 बैंक ने अपनी "व्हिसल ब्लोअर पॉलिसी" बनाई है जिसका उद्देश्य कर्मचारियों की सहायता से अप्रिय घटनाओं को पहचानना है और समय पर सुधारात्मक कदम उठाते हुए प्रारंभिक चरण में ही उसे रोकना/बैंक की रक्षा करना है। इस नीति में इस तंत्र का इस्तेमाल करनेवाले कर्मचारियों को परेशान किए जाने के विरुद्ध पर्याप्त पूर्वोपाय भी हैं।

27.4 निवारक सतर्कता पर तिमाही न्यूज़लेटर 'जागृति' नियमित रूप से प्रकाशित करके बैंक की सभी शाखाओं/कार्यालयों के बीच परिचालित की जा रही है। उक्त न्यूज़लेटर में हमारे स्टाफ सदस्यों को सजग करने के उद्देश्य से कपट के नवीनतम मामलों का सारांश तथा कपटियों द्वारा अपनाई गई कार्य पद्धति को प्रकाशित किया जाता है।

27.5 बैंक ने निवारक सतर्कता तंत्र स्थापित किया है जिसमें शाखाओं को नियमित अंतरालों में बैठकें आयोजित करने और सतर्कता प्रभाग द्वारा जारी अनुदेशों के बारे में चर्चा करने व अपने विचारों एवं अनुभवों को बाँटने तथा संभावित कपटों को रोकने के उद्देश्य से कार्य वातावरण में गोचर परिवर्तन लाने के निदेश दिए गए हैं।

27.6 प्रभाग ने वास्तविक मामलों के निष्कर्षों के आधार पर प्रक्रियाओं में परिवर्तन हेतु कार्यात्मक प्रभागों को सुझाव दिए हैं।

27.7 प्रभाग ने कपट जोखिम प्रबंधन नीति के क्रम में कपट निवारण एवं कर्मचारी पुरस्कार नीति निम्न उद्देश्य से सूत्रबद्ध की है-

27. Vigilance Machinery

27.1 As custodians of public funds, the Bank is expected to maintain highest standards of honesty, integrity, transparency and probity. Banking Organizations essentially work on the philosophy of mutual trust and confidence. The important factors today are "effective employee engagement & Organizational growth". Vigilance is a vital management tool to increase efficiency and effectiveness of the Organization by preventing leakages that adversely affect productivity and profitability. The roles and responsibilities of each functional division in the Bank are well defined and documented for better clarity and effectiveness. The vigilance functions in the Bank are primarily in the nature of prevention and detection rather than taking punitive action. The vigilance machinery plays the role of a watchdog so as to ensure that the laid down systems and procedures are not tampered with for any personal gain or benefit. It believes in the principles of natural justice, punishing the guilty irrespective of rank and position.

27.2 Wherever instances of serious violation in the systems and procedures are reported or complaints received against the Bank officials, which primarily reflects on the integrity of the Official, an investigation is ordered and preventive measures are taken including taking punitive action against the erring officials wherever required. As a pro-active measure, the Vigilance Division also conducts preventive checks and reports on the deviations observed. It also suggests how such violations can be avoided with the collective effort of all.

27.3 The Bank has framed its own "Whistle Blower Policy", the objective of which is to identify any untoward events with the help of the employees and to take timely corrective measures so as to prevent/protect the Bank at the initial stage itself. This mechanism also provides adequate safeguards against victimization of employees who avail of this mechanism.

27.4 'Jaagrithi' a quarterly newsletter on preventive vigilance is being published and circulated amongst all branches/offices of the Bank regularly. In the said letter, gist of the latest cases of fraud and the modus operandi adopted by the fraudsters are published, with an intention to alert our staff members.

27.5 The Bank has a Preventive Vigilance Mechanism in place wherein branches have been directed to conduct meetings at regular intervals and discuss about the instructions issued by the Vigilance Division and to share their thoughts / experiences and bring about noticeable changes in the working environment with a view to preventing possible frauds.

27.6 The Division has given suggestions to the functional divisions for process changes based on the findings of real cases come across.

27.7 The Division has framed Fraud Prevention & Employee Reward Policy in continuation of Fraud Risk Management Policy to –

- कपट को रोकने वाले स्टाफ सदस्यों के प्रयासों को सम्मानित करना
- स्टाफ सदस्यों के बीच जागरूकता पैदा करना
- ऐसे कार्यों का अनुकरण करने के लिए अन्य स्टाफ सदस्यों को प्रोत्साहित/अभिप्रेरित करना

28. अवसर

2,021 शाखाओं, 2,264 एटीएमों व 4,332 शाखा-रहित बैंकिंग इकाइयों के साथ बैंक की देश भर में 8,617 कार्यात्मक इकाइयों की उपस्थिति है और भारत के पूर्वी क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों का फायदा उठाने के लिए भुवनेश्वर में अपना आंचलिक कार्यालय खोला है। इसने दुबई और हाँगकांग में विदेशी प्रतिनिधि कार्यालयों के ज़रिए विश्व स्तर पर भी अपनी उपस्थिति दर्ज की है। भारत में बैंक-सेवा रहित क्षेत्रों में तथा कुछ महत्वपूर्ण विदेशी स्थानों में शाखा नेटवर्क का विस्तार करने के लिए बैंक के लिए और भी गुंजाइश है।

ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में बैंक की बड़ी उपस्थिति बैंक को कृषि एवं प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र, एसएमई और खुदरा कारोबार को ऋण में वृद्धि करने, थोक कारोबार के अनुरूप खुदरा संविभाग में संतुलित वृद्धि दर्ज करने के लिए पर्याप्त अवसर देती है। इसकी नवोन्मेषी प्रौद्योगिकी पहल जैसे इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग व अन्य सुविधाएं अगली पीढ़ी के ग्राहकों को आकर्षित करने में सहायक रही हैं। केरल, कर्नाटक, गोवा एवं महाराष्ट्र के तटीय क्षेत्र में इसकी शाखाओं की बड़ी मौजूदगी एनआरआई संविभाग को सुधारने में इसे अधिक अवसर देती है।

बैंक का शुरुआत से लेकर पिछले 109 वर्षों से लगातार लाभ कमाने और लाभांश अदा करने का ट्रैक रिकॉर्ड होता है। यह कर्मचारी लाभप्रदता की दृष्टि से उद्योग के उत्तम बैंकों में एक है। दक्ष कार्यबल, शाखाओं और एटीएम का व्यापक नेटवर्क, बेहतर आधारभूत संरचना सुविधाएं, स्पर्धात्मक ग्राहक सेवा और उन्नत प्रौद्योगिकी युक्त वातावरण, जिससे बैंक को भारत सरकार के प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना का लाभार्थी बनने में मदद मिली, की वजह से बैंक जनता के दिलों में अहम स्थान बना सका है। यह सभी बैंक के कारोबार की समग्र वृद्धि हेतु उत्पादों और सेवाओं की क्रॉस सेलिंग के लिए बड़ा अवसर देता है।

देश भर में 16 राज्यों में 4,332 शाखा रहित बैंकिंग इकाइयों सहित वित्तीय समावेशन में अग्रणी है।

आईटी आधारित नवीन उत्पादों को पेश करने में अग्रणी, बैंक की सभी शाखाओं में कंप्यूटरीकृत वातावरण है और ये कोर बैंकिंग के ज़रिए परस्पर जुड़ी हैं।

कई प्रकार के डिलिवरी चैनल, महानगरीय केन्द्रों में मज़बूत उपस्थिति, सापेक्ष युवा कार्यबल बैंक को प्रौद्योगिकी युक्त उत्पादों का पूरा फायदा उठाने के लिए काफी संभावनाएं देता है।

29. चुनौतियाँ

आर्थिक परिस्थितियों में परिवर्तनों के कारण भारत में बैंकिंग उद्योग में आमूलचूल परिवर्तन हो रहे हैं।

- Recognize the efforts of staff members who thwarted frauds
- Create awareness among all staff members
- Encouraging/motivating the other staff members to emulate such acts.

28. Opportunities

The Bank has pan-India presence with 8,617 functional units comprising of 2,021 Branches, 2,264 ATMs & 4,332 Branchless Banking units and has opened its zonal office in Bhubaneswar to tap the potential of eastern region of India. It also has registered its global presence through its foreign representative offices at Dubai and Hongkong. The Bank still has scope for expansion of branch network including unbanked areas in India and in some of the important foreign locations.

The increased presence of the Bank's branches in rural and semi-urban areas provides a great opportunity for the Bank for improving its exposure to Agriculture and Priority sector, SME and Retail segment, to register a balanced growth in retail portfolio in tandem with the wholesale business. Its innovative technological initiatives like internet banking, mobile banking and other facilities have been instrumental in attracting next-gen customers. Large presence of its branches in coastal areas of Kerala, Karnataka, Goa and Maharashtra also provides greater opportunity for it to tap the NRI potential of the area.

The Bank has an uninterrupted track record of profit and dividend payment since its inception, for the last 109 years. It is amongst the best banks in the industry in terms of employee productivity. A high calibre workforce, better spread of network of branches and ATMs, better infrastructure facilities, a competitive customer service and an advanced tech savvy environment helped the Bank to be the beneficiary of the Direct benefit transfer scheme of the Government of India and get a prime slot in the minds of the people. All this provide a great opportunity for cross selling of its products and services for the overall growth of the Bank's business.

Pioneer in Financial inclusion with 4,332 branchless banking units spanning over 16 states across the country.

A trendsetter in the IT based innovations, Bank is having fully computerised environment in all its branches with interconnectivity through core banking.

A wide range of Delivery Channels, strong presence in the metro centres, comparatively younger workforce provide a great potential for the Bank to fully exploit the techno savvy products to its advantage.

29. Threats

The banking industry in India is undergoing a major transformation due to changes in economic conditions.

मुद्रास्फीति की उच्च दर और अर्थव्यवस्था में अस्थिरता का बैंकिंग उद्योग के निष्पादन पर भी प्रभाव पड़ता है।

किसी भी अन्य उद्योग की तरह बैंकों को भी दैनंदिन परिचालन में ऋण, बाज़ार और परिचालन जोखिमों का सामना करना पड़ता है, ब्याज कीमत-लागत अंतर घटने से बैंक की लाभप्रदता की संरचना प्रभावित होती है।

सरकार/विनियामक आदि द्वारा विनियामक दिशानिर्देशों, नीतियों, उपबंधों में परिवर्तन बैंक के निष्पादन को प्रभावित कर सकता है। वसूली प्रबंधन, आस्ति देयता प्रबंधन और जोखिम प्रबंधन की प्रभावकारिता निष्पादन पर असर डाल सकती है। समरूपी बैंकों से कड़ी प्रतिस्पर्धा की वजह से कारोबार वृद्धि, मार्जिन और लाभप्रदता प्रभावित हो सकती है।

30. भावी योजनाएं

विश्व मानकों सहित सबसे पसंदीदा बैंक के रूप में उभरने के लक्ष्य तक पहुँचने के लिए बैंक ने विभिन्न पहल की है। बैंक का ध्यान कासा जमाराशियों को संग्रहित करके बैंक के कासा हिस्से में वृद्धि करने पर केन्द्रित है। कृषि, खुदरा और एमएसएमई पर ज़ोर देते हुए गुणवत्तापूर्ण ऋण संवृद्धि करने, शाखा एवं एटीएम नेटवर्क तथा वैकल्पिक डेलिवरी चैनलों में विस्तार करने, ग्राहकाधार को बढ़ाने, खास तौर नई पीढ़ी के ग्राहकों को लाने और आस्ति गुणवत्ता को सुधारने पर बैंक का ध्यान केन्द्रित होगा।

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

स्थान : मंगलूर
दिनांक : 23.05.2014

(एस. आर. बंसल)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

High rate of inflation and volatility in the Economy has its impact on the performance of the Banking Industry.

Banks, like any other industry are exposed to credit, Market and Operational Risks in the day to day operation, thinning of Interest spread affects the profitability structure of the Bank.

Any changes in the regulatory guidelines, policies, provisions by the Government/Regulator etc., may impact the performance of the Bank. Effectiveness of Recovery Management, Asset Liability Management and Risk Management may have its own impact on performance. Acute competition from the peer banks is likely to affect business growth, margins and profitability.

30. Road map for the future

To become the most preferred Bank with Global Standards, Corporation Bank has taken various initiatives to attain this coveted goal. The bank's focus is on mobilizing CASA deposits to increase Bank's CASA share. Quality Credit growth with focus on Agriculture, Retail and MSME, Expansion of Branch and ATM Network and other alternate channels of delivery, Customer acquisition, especially, next-gen customers, and Improving Asset Quality.

For and on behalf of the Board of Directors

Place : Mangalore
Date : 23.05.2014

(S. R. Bansal)
Chairman & Managing Director

कार्पोरेट अभिशासन पर रिपोर्ट
REPORT ON CORPORATE GOVERNANCE

1. बैंक में कार्पोरेट अभिशासन

1.1 बैंक का यह विश्वास है कि सुदृढ़ कार्पोरेट अभिशासन निवेशक की आस्था को बढ़ाने और बनाए रखने के लिए अहम है। एक ज़िम्मेदार कारोबारी संस्था के रूप में बैंक; विवेक, खुलापन, निष्पक्षता, व्यावसायिकता, प्रकटन द्वारा पारदर्शिता आदि पर आधारित ठोस कार्पोरेट प्रथाओं के प्रति कटिबद्ध है जिससे निवेशकों और स्टेकधारकों के आत्मविश्वास में वृद्धि हो और दीर्घावधि सफलता सुनिश्चित हो। कार्पोरेशन बैंक में कार्पोरेट अभिशासन विनियामक अपेक्षाओं का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए ही नहीं बल्कि ग्राहक की आवश्यकताओं के अनुकूल रहकर भी विकसित किया गया है। ग्राहक संतुष्टि तथा शेयरधारकों के मूल्य में वृद्धि करने के दोहरे उद्देश्यों के साथ बैंक उत्कृष्टता हेतु अथक प्रयास कर रहा है । बैंक की सामान्य प्रकृति ग्राहक से विकसित होती है जिसका केंद्र-बिंदु शेयरधारक है।

2. बैंक का दार्शनिक सिद्धांत

2.1 बैंक का दार्शनिक सिद्धांत उसके कार्पोरेट आदर्श वाक्य '**सर्वे जनाः सुखिनो भवन्तु**' अर्थात् ''सब की समृद्धि हो'' में प्रतिबिंबित होता है जो समाज और अर्थव्यवस्था की भलाई की ओर अभिप्रेत है। बैंक का दृढ़ विश्वास है कि सुदृढ कार्पोरेट अभिशासन प्रथाओं से इस प्रकार अपने लक्ष्यों की पूर्ति और उद्देश्यों की प्राप्ति हो जाती है कि उसकी छवि में मूल्य वर्धन होता है, आगे चलकर शेयरधाकों के लिए हितकारी होता है और उनका विश्वास जीतने की क्षमता को बढ़ाता है। उत्तम कार्पोरेट अभिशासन शीर्ष से आरंभ होता है और नीचे की ओर सतत बढ़ता है। निदेशक मंडल और प्रबंधन उपयुक्त निर्णय लेते हैं और उत्कृष्टता के उच्चतम मानकों को प्राप्त करने हेतु बैंक का मार्गदर्शन करते हैं।

3. निदेशक मंडल

3.1 निदेशक मंडल का गठन समय-समय पर यथा संशोधित राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1980 के साथ पठित बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1980 के अनुसार किया गया है और इसमें वैविध्यपूर्ण व्यावसायिक अनुभव रखनेवाले व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व है। वर्ष (2013-14) की समाप्ति पर निदेशक मंडल में 12 निदेशक हैं जिनमें 9 गैर-कार्यपालक निदेशक हैं तथा उनमें से 5 स्वतंत्र निदेशक हैं। समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आनेवाले ये निदेशक, मंडल को विशेषज्ञता और विपुल अनुभव-युक्त ज्ञान प्रदान करते हैं। रिपोर्टाधीन वित्त वर्ष के दौरान निदेशक मंडल की 17 बैठकें आयोजित की गईं।

3.2 बैंक परिचालन के कुछ महत्वपूर्ण कार्य-क्षेत्रों में विशेष तथा संकेन्द्रित ध्यान देने के लिए और उचित दिशा प्रदान करने, प्रभावी निगरानी करने तथा बैंक के कार्यों में नियंत्रण रखने हेतु निदेशक मंडल ने विभिन्न समितियों का गठन किया है। विभिन्न समितियों के ब्योरे और वर्ष 2013-2014 के दौरान हरेक समिति द्वारा आयोजित बैठकों की कुल संख्या निम्नानुसार है:

1. Corporate Governance in the Bank

The Bank believes that sound Corporate Governance is critical to enhance and retain investor trust. As a responsible Business entity, the Bank is committed to sound corporate practices based on conscience, openness, fairness, professionalism, transparency by disclosures etc., to attaining performance with integrity and accountability, paving the way for enhancing investors' and stakeholders' confidence and thus ensuring long-term success. Governance at Corporation Bank is evolved by not only ensuring compliance with regulatory requirements but also by being responsive to the needs of stakeholders. The Bank strives for excellence with the twin objective of enhancing customer satisfaction and shareholders' value. Corporation Bank's ethos, evolve with customer and have the shareholder as the focal point.

2. The Bank's philosophy

2.1 The Bank's philosophy is driven by its Corporate Motto 'Sarve Janah Sukhino Bhavantu', which means "Prosperity for all", that which leads to the betterment of the society and economy. The Bank strongly believes that sound corporate governance practices leads to the fulfilment of its goals and attainment of its objectives in a manner that adds value to its image, is beneficial for all the stakeholders in the long run and enhances its ability to secure their confidence. Good Corporate Governance starts at the top and continues down the line consistently. The Board of Directors and the Management take appropriate decisions and guide the Bank in achieving the highest standards of excellence.

3. Board of Directors

3.1 The Board is constituted in accordance with the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1980 read with the Nationalised Banks (Management and Miscellaneous Provisions) Scheme, 1980 as amended from time-to-time and is represented by persons with diversified professional experience. At the end of the year (2013-14) under report, the Board comprises of 12 directors out of which, 9 are non-executive directors and among themselves 5 are independent directors. The Directors, hailing from different strata of society, with diverse professional qualifications, bring in their rich experience to the Board. 17 meetings of the Board of Directors were held during the financial year under report.

3.2. The Board has constituted various committees for a specific and focused approach towards some of the important functional areas of the Bank's operation, for providing proper direction, effective monitoring and controlling the affairs of the Bank. The details of various committees and the total number of meetings held by each committee during the year 2013-14 are as follows :

क्रम सं. Sl. No.	बोर्ड की समितियों के नाम Name of the Committees of the Board	आयोजित बैठकों की कुल संख्या Total No. of Meetings held
1.	प्रबंधन समिति Management Committee	19
2.	लेखा-परीक्षा समिति Audit Committee	13
3.	विभागीय पदोन्नति समिति Departmental Promotion Committee	4
4.	निवेशक शिकायत समिति Investors Grievance Committee	4
5.	सूचना प्रौद्योगिकी समिति Information Technology Committee	13
6.	जोखिम प्रबंधन समिति Risk Management Committee	7
7.	उच्च मूल्य के कपटों की निगरानी समिति Committee to Monitor Large Value Frauds	5
8.	शेयर अंतरण समिति Share Transfer Committee	16
9.	ग्राहक सेवा समिति Customer Service Committee	4
10.	पारिश्रमिक समिति Remuneration Committee	1
11.	नामांकन समिति Nomination Committee	1
12.	बैंक के वरिष्ठ कार्यपालकों की आंतरिक पूँजी पर्याप्तता मूल्यांकन समिति (आईसीएएपी)* Internal Capital Adequacy Assessment Committee of Senior Executives of the Bank (ICAAP)*	5
13.	ऋण अनुमोदन समिति* Credit Approval Committee *	29
14.	मानव संसाधन समिति Human Resources Committee	5
15.	वसूली निगरानी समिति Recovery Monitoring Committee	7
16.	प्रतिभूति आबंटन समिति Securities Allotment Committee	1

* भ.रि.बैं./सरकारी निदेश के अनुसार इस समिति में कुछ सदस्य बैंक के उच्च कार्यपालक अर्थात्, महा प्रबंधक हैं।

* In these committees few members are also from Top Executives of the Bank viz., General Managers as per RBI/Government directive.

3.3 बोर्ड की समितियों के विवरण आगे के पृष्ठों में दिए गए हैं। निदेशक मंडल और उसकी समितियाँ बारंबार अंतरालों में बैठक करती हैं तथा नैतिक प्रथाओं और व्यावसायिक प्रबंधन द्वारा निष्पादन के उच्च मान सुनिश्चित करने हेतु विवेकपूर्ण और दक्ष तरीके से अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु बैंक का मार्गदर्शन करती हैं।

3.4 नीति निरूपण, निष्पादन समीक्षा एवं विश्लेषण तथा नियंत्रण जैसी ज़िम्मेदारियाँ निदेशक मंडल द्वारा निभाई जाती हैं। निदेशक मंडल ने बैंक द्वारा निर्धारित नीतियों के अनुरूप बैंक के कार्यपालकों और कार्यपालकों की समितियों को विभिन्न अधिकार प्रत्यायोजित किए हैं। भारत सरकार, वित्त मंत्रालय और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों के अनुसार निदेशक मंडल द्वारा ऐसे प्रत्यायोजित अधिकारों की आवधिक रूप से समीक्षा की जाती है और बैंक के कारगर कार्य-संचालन हेतु उनमें आवश्यक संशोधन किया जाता है।

3.5 बैंक की नीतियों की समीक्षा वार्षिक आधार पर की जाती है और बदलते परिदृश्य और बाजार मांगों के अनुरूप उनमें आवश्यक आशोधन किए जाते हैं।

3.3 The details of Committees of the Board are provided in the following pages. The Board and its Committees meet at frequent intervals and guide the Bank to achieve its objectives in a prudent and efficient manner to ensure high standards of performance through ethical practices and professional management.

3.4 The responsibilities such as policy formulation, performance review and analysis and controls are discharged by the Board. The Board has delegated various powers to the Executives and Committees of Executives of the Bank in consonance with the policies laid down by the Bank. The delegated powers are periodically reviewed by the Board and necessary revision is made for effective functioning of the Bank, as per the guidelines issued from time-to-time by the Government of India, Ministry of Finance and the Reserve Bank of India.

3.5 The policies of the Bank are reviewed on an annual basis and necessary modifications are effected in tune with the changing scenario and the market demands.

3.6 2013–14 के दौरान निदेशकों, निदेशक मंडल एवं अन्य समिति की बैठकों में उनकी उपस्थिति संबंधी ब्योरे इस प्रकार हैं
Details of Directors, their attendance in the Board and other Committee Meetings during 2013-14 are as follows:

क्रमांक Sl.No.	निदेशक का नाम Name of the Director	प्रकार type	निदेशक मंडल एवं निदेशक मंडल की समिति(यों) के सदस्य Board and Member of the Committee(s) of the Board																	
			निदेशक मंडल Board		प्रबंधन समिति Management Committee		लेखा–परीक्षा समिति Audit Committee		निवेशक शिकायत समिति Investor Grievance Committee		जोखिम प्रबंधन समिति Risk Management Committee		सूचना प्रौद्योगिकी समिति Information Technology Committee		उच्च मूल्य के कपटों की निगरानी हेतु समिति Committee to monitor large value frauds		विभागीय पदोन्नति समिति Departmental Promotion Committee		शेयर अंतरण समिति Share Transfer Committee	
			आयोजित Held*	उपस्थित attended	आयोजित Held*	उपस्थित attended	आयोजित Held*	उपस्थित attended	आयोजित Held*	उपस्थित attended	आयोजित Held*	उपस्थित attended	आयोजित Held*	उपस्थित attended	आयोजित Held*	उपस्थित attended	आयोजित Held*	उपस्थित attended	आयोजित Held*	उपस्थित attended
1	श्री एस. आर बंसल Sri S. R. Bansal Since 05.10.2013 से	अप्रनि CMD	8	8	8	8	ला.न. N.A	ला.न. N.A	ला.न. N.A	ला.न. N.A	4	4	7	7	2	2	3	3	8	8
2	श्री अमर लाल दौलतानी Shri Amar Lal Daultani Since 03.02.2012 से	कानि ED	17	17	19	19	13	13	4	4	7	7	13	13	5	5	ला.न. N.A	ला.न. N.A	5	5
3	श्री बी. के. श्रीवास्तव Shri B.K. Srivastav Since 28.01.2013 से	कानि ED	17	15	19	17	13	12	4	4	7	6	13	11	5	4	ला.न. N.A	ला.न. N.A	ला.न. N.A	ला.न. N.A
4	सुश्री एना रॉय Ms. Anna Roy (केन्द्र सरकार नामिती Central Govt. Nominee) Since 23.05.2013 से	गैकानि NED	12	10	ला.न. N.A	ला.न. N.A	11	8	3	1	6	4	12	9	4	2	4	4	ला.न. N.A	ला.न. N.A
